नई दिल्ली
सोमवार, 25 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 27, अंक : 260
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00
मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
मेरी क्रिसमस
haribhoomi.com

### शपथ ग्रहण का कार्यक्रम राजभवन में आज दोपहर 3.30 बजे होगा

# मोहन सरकार लेगी 'आकार', 22 से अधिक विधायक लेंगे 'मंत्री पद' की शपथ



करीब डेढ़ हजार अतिथियों को आज भेजा जाएगा आमंत्रण, सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी ने शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में 12 दिन के इंतजार के बाद आखिरकार मंत्रियों को शपथ दिलाने की घड़ी आ ही गई।

राजभवन में सोमवार को भव्य कार्यक्रम रखा गया है। इसमें 22 से अधिक (ये संख्या 24 तक भी हो सकती है) नए व पुराने विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ही सुबह राज्यपाल से मिलकर मंत्रियों की सूची सौंपेंगे। इसके बाद शाम करीब 3.30 बजे ▸▸ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार की सुबह राज्यपाल से मिलकर उन्हें मंत्रियों की सूची सौंपेंगे। मंत्री बनने वाले विधायकों को इसकी सूचना देर रात दे दी गई।

### 12 दिन बाद आखिरकार...आज मंत्रिमंडल 'विस्तार'



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सीएम यादव



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से चर्चा करते यादव

### मंत्री बनने वाले विधायक परिवार सहित होंगे शामिल

डॉ. यादव ने 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दो उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व जगदीश देवड़ा ने भी शपथ ली थी। यह कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद से ही मंत्रिमंडल विस्तार की उल्टी गिनती शुरू हो गई थी। लगभग ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### इन नामों पर लग सकती है मुहर

नई सरकार में क्षेत्रीय व जातीय संतुलन को प्रमुखता दी जाएगी। मध्य भारत में भोपाल, रायसेन, राजगढ़ तथा नर्मदापुरम संभाग में बैतूल से मंत्री बनाए जाने के आसार हैं। मध्यभारत में भोपाल से रामेश्वर शर्मा व विष्णु खत्री पहले पायदान पर हैं, जबकि कृष्णा गौर और विश्वास सारंग भी उसी दायरे में हैं। हालांकि, चारों में दो को ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अजान दे रहे रिटायर्ड एसएसपी को मारी गोली

**श्रीनगर।** आतंकवादियों ने बारामूला के गैंटमुल्ला, शीरी में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद शफ़ी की गोली मारकर



हत्या कर दी है। मोहम्मद शफी जब मस्जिद में अज़ान दे रहे थे तो इस आतंकियों ने यह कायराना हरकत की और उन्हें गोली मार दी। इस दौरान शफी घायल हो गए बाद में उनकी मौत हो गई। इस आतंकी हमल के तुरंत बाद ही सुरक्षाबलों पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान जारी है।

### चीन में भूकंप से अब तक 148 की मौत

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन में इस सप्ताह आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 148 लोगों की मौत



हो गई। भूकंप से प्रांत के कृषि व मत्स्य पालन उद्योगों को 7.46 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। राहत कोष का उत्तम प्रयोग करने पर विचार कर रहे हैं ताकि उत्पादन जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जा सके।

### मुंबई में 10 राउंड फायरिंग, एक की मौत, 3 घायल

**मुंबई।** मुंबई के चुनाभट्टी इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है, इस गोलीबारी में एक शख्स पूप्पू



एरुनकर की मौत हो चुकी है और 3 घायल बताए जा रहे हैं। पुरानी रंजिश का मामला बताया जा रहा है। मृतक पूप्पू का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। वो हाल ही में जेल से बाहर आया था। अभी के लिए किसी भी जांच के पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा।

### कुश्ती संघ निलंबित

# पहलवानी में 'मनमानी'... 'दांव' उल्टा पड़ा, कुश्ती संघ ही 'चित'

इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन को एडहॉक कमेटी बनाने का आदेश, अगली व्यवस्था तक यह कमेटी डब्ल्यूएफआई का कामकाज देखेगी



1 नए चुनाव से नाखुश थे प्रमुख पहलवान, फिर डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा कर दी थी

2 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बदले ब्रजभूषण शरण सिंह के सुर, कहा-मैंने तो कुश्ती से संन्यास ले लिया। मैं लोकसभा चुनाव पर ध्यान दे रहा हूं



साक्षी चाहती है महिला सुरक्षा

#### महिला को बनाया जाए अध्यक्ष

साक्षी मलिक ने कहा कि कुश्ती संघ का अध्यक्ष किसी महिला को बनाया जाए और एक अच्छा फेडरेशन हो। हमें तो यही चाहिए कि आगे आने वाले समय में जो महिला पहलवान आएं, वे सुरक्षित रहें।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ कड़ा फैसला लिया। उसने कई नियमों के उल्लंघन के कारण कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया।

21 दिसंबर को हुए चुनाव में भाजपा सांसद और डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह विजयी हुए थे। वह नए अध्यक्ष बने। उनके जीतने के बाद कई विवाद सामने आए। नवनिर्वाचित निकाय द्वारा पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में की गई घोषणा के बाद खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया। पर, अघोषित वजह ये भी रही कि संजय सिंह की जीत और उसके बाद ब्रजभूषण शरण सिंह के बयान कि दबदबा है, दबदबा रहेगा से पहलवान खास तौर से साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया बुरी तरह से नाराज हो गए।

साक्षी ने कुश्ती को अलविदा कह दिया। बजरंग ने पद्मश्री लौटा दिया था। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद ब्रजभूषणशरण सिंह के सुर बदल गए। उन्होंने कहा कि मैंने तो कुश्ती से संन्यास ले लिया। अब सरकार के फैसले पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### संजय ने कहा-पहले पत्र देख लूं, फिर करुंगा टिप्पणी

निलंबित कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के बाद उन्हें अभी तक कोई पत्र नहीं मिला है। मैं फ्लाइट में था। पहले मुझे पत्र देखने दीजिए, उसके बाद ही कोई टिप्पणी करूंगा। मैंने सुना है कि कुछ गतिविधि रोक दी गई है।




#### नवनिर्वाचित निकाय पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में

खेल मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया है कि नवनिर्वाचित निकाय खेल संहिता की पूरी तरह से उपेक्षा करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में प्रतीत होता है। केंद्र सरकार ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन को कुश्ती संघ चलाने के लिए पैनल बनाने का निर्देश दिया है।

### अमेरिका बोला- हूती विद्रोहियों ने बनाया निशाना

## भारत का झंडा लगाए 'जहाज' पर लाल सागर में ड्रोन से हुआ हमला

◆ यह हमला भारतीय तट पर एक और टैंकर पर हमले के एक दिन बाद हुआ, जिसका आरोप अमेरिका ने ईरान पर लगाया था



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका सेना ने लाल सागर (रेड सी) में भारत का झंडा लगे जहाज पर हुए ड्रोन हमले को लेकर एक बड़ा दावा किया है। अमेरिकी सेना के अनुसार इस जहाज पर यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया गया था।

यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक गैबॉन के स्वामित्व वाले टैंकर एमवी साईबाबा ने किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी, लेकिन क्षेत्र में एक अमेरिकी ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### अरब सागर में भी हुआ था जहाज पर हमला

शनिवार को भारत के तट पर एक व्यापारिक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ था। इस हमले को लेकर पेंटागन की और से अब एक बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि ये ड्रोन ईरान से लॉन्च किया गया था। मोटर जहाज केम प्लूटो, एक लाइबेरिया-ध्वजांकित, जापानी-स्वामित्व वाला और नीदरलैंड-संचालित ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अब तक का सबसे बड़ा उपहार

## आईआईटी-मुंबई को 1998 के बैच ने '57 करोड़' रुपए दिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मुंबई की 1998 की कक्षा के विद्यार्थियों ने रजत जयंती पुनर्मिलन समारोह पर अपनी मातृ संस्था को 57 करोड़ रु. उपहार में दिए। यह एक कक्षा द्वारा दिया गया सर्वाधिक संयुक्त योगदान है। दान देने वालों में निजी इक्विटी फर्म




सिल्वर लेक के एमडी अपूर्व सक्सेना, पीक-एक्सवी के एमडी शैलेंद्र सिंह जैसे लोग शामिल हैं। इससे आईआईटी-मुंबई की वृद्धि को गति मिलेगी।

### 'वतन को जानो' यात्रा पर निकले

## पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के 250 विद्यार्थियों से की 'बात'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के 250 छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की सीख दी। इस दौरान बच्चों ने खूब तालियां बजाई। यह विद्यार्थी 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत देश भ्रमण पर निकले हैं।

■ खूब बजीं तालियां, पीएम ने दी आगे बढ़ने की सीख



विद्यार्थी जयपुर, अजमेर और दिल्ली के प्रमुख स्थलों का दौरा कर चुके हैं। इससे पहले, समाज कल्याण विभाग की आयुक्त सचिव शीतल नंदा ने जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों से चुने गए 250 बच्चों के एक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मेरा विद्यार्थी जीवन नाटकों में बीता

## एक बार नहीं, हजार बार करूंगा उपराष्ट्रपति की मिमिक्रीः बेनर्जी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर विवादों में घिरे टीएमसी के सांसद कल्याण बेनर्जी ने फिर से दोहराया कि एक बार नहीं, हजार बार मिमिक्री करूंगा।

उन्होंने कहा कि एक बार मैंने इसे किया है, यदि आवश्यक हो तो मैं इसे एक हजार बार करूंगा। आप मुझे जेल में डाल सकते हैं। आप मुझे मार सकते हैं, लेकिन लड़ाई नहीं रुकेगी। कल्याण बेनर्जी ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ श्रीरामपुर में आयोजित जवाबी सभा में ये बातें कहीं। उन्होंने



कहा कि श्रीरामपुर में बहुत सारे पढ़े-लिखे लोग हैं। वास्तव में बहुत सारे लोग हैं, जो कला जानते हैं। वे जानते हैं कि क्या मजाक है और क्या मजाक नहीं है? विपक्षी नेता के पास यह समझने की क्षमता नहीं है। कल्याण ▸▸ शेष पेज 5 पर

## एक साथ करीब 1 लाख लोगों ने किया गीता पाठ



#### अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों ने लिया हिस्सा

**कोलकाता।** कोलकाता के परेड मैदान में एक अनूठे समागम के तहत अलग-अलग पृष्ठभूमि के करीब एक लाख लोगों ने सामूहिक रूप से भगवत गीता का पाठ किया। पारंपरिक परिधान पहने अलग-अलग आयु वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक जगह पर इकट्ठा हुए। सभी लोगों ने संतों के साथ मिलकर गीता का पाठ किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम को लेकर अपनी शुभकमनाएं दी हैं। ▸▸ पढ़ें पेज देश भी

### कटरा से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत को लेकर आई खुशखबर

नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उधमपुर और कठुआ रेलवे स्टेशनों पर भी रुकेगी

## पीएम मोदी 30 को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को करेंगे लॉन्च

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देशभर में एक के बाद एक वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग हो रही है। अब तक लगभग सभी राज्य में सेमी हाईस्पीड ट्रेन शुरू हो चुकी है।

इससे न सिर्फ यात्रियों का टाइम बच रहा है, बल्कि उन्हें कम रुपए में हवाई जहाज जैसी सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। साल 2019 में पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू हुई थी। अब हाल में एक बार फिर से इसी रूट पर वंदे भारत लॉन्च की गई है। अब पीएम



मोदी 30 दिसंबर को एक साथ छह वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च करने जा रहे हैं। इसी में एक ट्रेन कटरा से दिल्ली के बीच चलेगी। मालूम हो कि पहले भी दिल्ली से कटरा के बीच एक वंदे ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### ठहराव की लगातार मांग हो रही थी

केंद्रीय मंत्री ने कठुआ और उधमपुर में इसके ठहराव की लगातार मांग का जवाब देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा उधमपुर और कठुआ के लिए खुशी की खबर। जब से 2019 में कटरा और दिल्ली से पहली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ है, तब से कठुआ और उधमपुर में भी इसके ठहराव की लगातार मांग हो रही है। हमारा अनुरोध मानने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

### पहली जीत : भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टेस्ट मैच को 8 विकेट से अपने नाम किया

## गजब संयोग : भारतीय पुरुष टीम ने 64 साल पहले 24 दिसंबर को दी थी आस्ट्रेलिया को मात, अब 'करिश्मा' महिला टीम ने दोहराया

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन वुमेंस क्रिकेट टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया वुमेंस टीम के लिए एक मैच की टेस्ट सीरीज को 8 विकेट से अपने नाम किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ये टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली जीत है।

इस जीत के साथ एक गजब का संयोग भी देखने को मिला है, जिसमें भारतीय पुरुष टीम ने भी 24 दिसंबर के दिन ही पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। गुलाबराय रामचंद की कप्तानी में भारत ने 1959 में 119 रनों से मात दी थी।

गुलाबराय रामचंद की कप्तानी में भारत ने साल 1959 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट फॉर्मेट में 119 रनों से मात दी थी




#### स्नेह राणा ने गेंद से दिखाया कमाल, वे प्लेयर ऑफ द मैच

भारतीय वुमेंस टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत में स्नेह राणा ने गेंद से काफी अहम भूमिका निभाते हुए मैच में कुल 7 विकेट हासिल किए। इसके अलावा बल्ले से पहली पारी में स्मृति मंधाना, रिचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्ज और दीप्ति शर्मा की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत पहली पारी में एक बड़ी बढ़त लेने में कामयाब हो सका था। स्नेह राणा को इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया।

खबर संक्षेप

## आईपी यूनिवर्सिटी ने किया ग्रीन क्रेडिट्स पर कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट स्थित सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी एंड क्लाइमेट चेंज (सीएससीसी) ने नॉलेज पार्टनर ईएचएस गुरु सस्टेनेबल सोल्यूशन के सहयोग से द्वारका कैम्पस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में पर्यावरण प्रबंधन से जुड़े देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए विशेषज्ञों ने भाग लिया। ईएचएस की ओर से इसके कार्यकारी निदेशक मुनीश कुमार, सलाहकार शिखा शर्मा, रितिका त्रिपाठी और सुनंदा साहू ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सस्टेनेबिलिटी के विशेषज्ञ बिप्रा चक्रवर्ती ने भी शिरकत की। सीएससीसी की प्रमुख प्रो. अनुभा कौशिक ने बताया कि ग्रीन क्रेडिट्स के विभिन्न पहलुओं पर इस कार्यशाला में चर्चा हुई। मौसम परिवर्तन एवं सस्टेनेबिलिटी के मद्देनजर प्रो. एक्टिव रोल के लिए नीति, नियम- कानून और इसके लिए जरूरी तौर- तरीकों पर गहन विमर्श हुआ।

## अवमानना पर ठाणे के दो पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अवमानना के मामले में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के दो पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अदालत द्वारा नियुक्त स्थानीय आयुक्त के प्राधिकार को नहीं मानने पर यह कदम उठाया गया है। नोटिस में इस पर जवाब मांगा गया है कि 'इस अदालत की आपराधिक अवमानना का मामला दिल्ली हाईकोर्ट को क्यों न भेजा जाए।' जिला न्यायाधीश विनोद यादव ने महाराष्ट्र की एक साझेदारी फर्म की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें कहा गया कि राज्य में एक अन्य कंपनी, जो समान व्यवसाय में लगी हुई है, ने भ्रामक रूप से समान या मिलता जुलता ट्रेडमार्क या लोगो अपनाया, जिससे उसकी साख को नुकसान पहुंचा है।

# तीसरे दिन भी राजधानी की हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज, सर्दी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली के लोगों को लगातार तीसरे दिन वीकेंड रविवार को भी गंभीर श्रेणी की हवा में सांस लेना पड़ा। रविवार सुबह आठ बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स 418 था जो गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं 23 दिसंबर को शाम चार बजे एक्यूआई 450 दर्ज किया गया था, जो गंभीर श्रेणी में आता है।

मौसम विभाग के अनुसार सर्दी भी अपना सितम बढ़ा रही है, जिसके चलते न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया जो पिछले दिन के मुकाबले दो डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरा है। जबकि सुबह और रात के समय दिल्ली एनसीआर में कोहरे की हल्की चादर बिछी रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि 25 से 28 दिसंबर तक घने कोहरे दिल्ली में छाया रह सकता है। उसने कहा कि 29 दिसंबर से 30 दिसंबर तक हल्का कोहरा छाया रहेगा और न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। जानकारी अनुसार कोहरे के कारण सुबह साढ़े सात बजे सफदरजंग में दृश्यता महज 200 मीटर रह गई। इसके बाद साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक भी दृश्यता 300 मीटर रही। पालम में सुबह साढ़े आठ बजे दृश्यता 300 मीटर रही। सोमवार को भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। एक्यूआई को लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सोमवार को एयर इंडेक्स में थोड़ा सुधार होगा। इस वजह से हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। फिलहाल प्रदूषण से इससे ज्यादा राहत मिलने की संभावना नहीं है। सीपीसीबी के अनुसार सुबह आठ बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स 418 रहा।

### अधिक प्रदूषित इलाकों में एयर इंडेक्स

जहांगीरपुरी- 467
रोहिणी- 467
वजीरपुर- 465
मुंडका- 464
बवाना- 463
नरेला- 454
नेहरू नगर- 451
शादीपुर- 450

### पड़ोसी भी किया गया गिरफ्तार, जूलरी बरामद

# पांडव नगर: पांचवी बार की पूछताछ में घरेलू सहायिका ने कबूली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले के पांडव नगर इलाके में एक घर में हुई चोरी के मामले में घरेलू सहायिका और उसके एक पुरुष मित्र को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम त्रिलोकपुरी निवासी पूजा (40) और जगजीत सिंह (30) बताये गये हैं। इनकी निशानदेही पर चुरायी गई ज्वेलरी भी बरामद हो गई है। पुलिस का कहना है कि पांचवी बार की पूछताछ में घरेलू सहायिका ने पड़ोसी शख्स के साथ मिलकर चोरी का जुर्म कबूला।

डीसीपी अमृता गुगोलोथ के अनुसार 31 अक्टूबर को प्रदीप कुमार नामक शख्स ने चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। घर से उनकी पत्नी के गहने चोरी हुये थे। जांच के दौरान पाया कि प्रदीप कुमार की पत्नी ने 15 सितंबर को अपने गहने चैक किए थे। इसके बाद 31 अक्टूबर को चैक करने पर गहनें गायब मिले। उन्होंने घर में काम करने वाली तीन सहायिकाओं पर संदेह जताया था। पुलिस ने तीनों की कॉल डिटेल निकाल उसका विश्लेषण किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सभी से पूछताछ कई बार पूछताछ की गई। पूजा से पांचवी बार की गई पूछताछ में उसके बयानों में विरोधाभास मिला। पहले उसने कुछ बयान दिए और बाद में कुछ और कहानी गढ़ी। शक होने पर उससे लंबी पूछताछ की गई तो वह टूट गई। उसकी निशानदेही पर पड़ोस में रहने वाले दूसरे आरोपी को भी पकड़ा गया। चोरी की दो सोनू की चूड़ियां, सोने की दो चेन और एक जोड़ी कान की बाली आरोपियों से बरामद हो गई।

## कूरियर ब्वॉय पकड़ा, 40 फोन और एक एप्पल वॉच बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर हासिल की नौकरी

कूरियर कंपनी में नौकरी करने वाले एक युवक को चीटिंग और चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फर्जी आधार कार्ड के जरिये नौकरी हासिल कर आर्डर डिलीवरी करने के बजाए सामान लेकर फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच ने इसके पास से 40 मोबाइल फोन और एक एप्पल वॉच बरामद की है। आरोपी कूरियर ब्वॉय का नाम प्रदीप सिंह (23) है। वह आगरा, यूपी का रहने वाला है।

स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव के अनुसार गाजीपुर थाने में 40 मोबाइल और स्मार्ट वॉच चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने इन मोबाइल को जांच के दायरे में लिया। एक मोबाइल की लोकेशन आगरा में पाई गई। पुलिस टीम ने आगरा में दबिश डाल आरोपी को दबोच लिया। इसके पास से 15 मोबाइल फोन मौके पर ही बरामद हो गये। बाद में 25 मोबाइल उसके घर से बरामद किए गए। आरोपी युवक ने 12वीं तक पढ़ाई की है।

# यौन उत्पीड़न से परेशान किशोरों ने युवक की हत्या के बाद शव जलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ हजरत निजामुद्दीन इलाके से तीन किशोर पकड़े

दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन इलाके में तीन किशोरों ने यौन उत्पीड़न से परेशान होकर एक 25 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। शव को घास और पुराने कपड़ों से जलाने की कोशिश भी की गई। शनिवार देर रात पुलिस ने खुसरो पार्क से अधजली हालत में लाश बरामद कर तीनों आरोपी नाबालिगों को पकड़ लिया है। मृतक का नाम आजाद बताया गया है। वह निजामुद्दीन थाने का बीसी था।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात निजामुद्दीन थाने के स्टाफ ने तीन लड़कों को संदिग्ध हालत में घूमते समय रोकर पूछताछ की तो उन्होंने हत्या की बात बताई। बताया कि 21 दिसंबर को आजाद की हत्या करने के बाद उसकी लाश को जला दिया था। यह वारदात इसलिए की गई, क्योंकि वह एक नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न कर रहा था। विरोध करने पर मारपीट तक करता था। सबक सिखाने के मकसद से तीनों दोस्तों ने उसे मार डाला। उस पर पत्थर, डंडे और खुकरी से वार किये गए थे। बाद में शव को घास और पुराने कपड़े डालकर आग के हवाले कर दिया गया। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने पार्क में पहुंचकर अधजला शव बरामद कर लिया। आजाद निजाम नगर, बस्ती हजरत निजामुदीन का रहने वाला था। उस पर पांच केस दर्ज थे। तीनों आरोपी नाबालिग भी उसी क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## 'एलजी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश घोषित करें'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ विहिप की दिल्ली इकाई ने पत्र लिखकर की मांग

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया जिससे भगवान राम के सभी भक्त अयोध्या में राम मंदिर में ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह देख सकें।

अगले वर्ष 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हजारों संतों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का विभिन्न टीवी चैनलों और सोशल मीडिया मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। विहिप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने और सचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल को लिखे एक पत्र में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। देश-विदेश के करोड़ों रामभक्त इस अवसर के साक्षी बनेंगे। सभी राम भक्त इस ऐतिहासिक क्षण का आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 22 जनवरी 2024 को सार्वजनिक अवकाश होना चाहिए, ताकि सभी राम भक्त इस पल का आनंद उठा सकें। उन्होंने कहा कि इसलिए हम आपसे 22 जनवरी, 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह करते हैं।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया संगठन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संगठन मजबूती को लेकर की जा रही तैयारियों के तहत गौतमपुरी मंडल अध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने अपनी टीम का विस्तार किया है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिन नेताओं को शामिल किया है उनमें नए पुराने चेहरे शामिल है। संगठन में मिश्रा ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मुकेश शुक्ला, रजनी जैन, रवि कश्यप, डॉ. प्रदीप चौधरी, राकेश पाण्डेय को दी है। जबकि महामंत्री पद पर देवेंद्र कुमार जैन, श्यामवीर गुर्जर, कोषाध्यक्ष पद पर वीनू गुप्ता, मंत्री के रूप में ज्योति ठाकुर, मंजू शर्मा, रमेश गुप्ता, पुष्पा राणा, कार्यालय मंत्री जयप्रकाश, कार्यालय प्रभारी रमेश चंद शर्मा, आईटी सेल नितिन चौधरी एवं अनिल गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। नई टीम को लेकर उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी के लिए जी जान से जुटने वाले है। सभी को आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर अभी से कार्य करने के लिए कहा गया है।

# दिल्ली-एनसीआर की सेवा में मेट्रो को दौड़ते हुए 21 साल

### कई मील के पत्थर किए स्थापित, मंजिलें और भी है आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली - एनसीआर के लाखों लोगों की सेवा में दौड़ते हुए दिल्ली मेट्रो को 24 दिसंबर 2023 को पूरे 21 साल हो गए है। इस दौरान दिल्ली मेट्रो रेल ने कई मील के पत्थर स्थापित किए है।

आज ही के दिन वर्ष 2002 को केवल छह स्टेशनों के साथ मात्र 8.4 किलोमीटर लंबी लाइन पर देश की पहली मेट्रो रेल को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उस समय से लेकर आज तक दिल्ली मेट्रो लगातार दिल्ली एनसीआर के लाखों लोगों की सेवा में दौड़ रही है। कभी छह स्टेशनों के साथ मात्र 8.4 किलोमीटर लंबी लाइन से यात्रा शुरू करने वाली दिल्ली मेट्रो आज एनसीआर में करीब 380 किलोमीटर से अधिक लंबी लाइनों पर कुलांचे मार रही है। अपनी अनूठी यात्रा के चलते दिल्ली मेट्रो रेल आज राजधानी दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर क्षेत्र की लाइफ लाइन के रूप में उभर चुकी है। मेट्रो लगातार आगे बढ़ते हुए अभी कई नए कीर्तिमान स्थापित करने की और सरपट बढ़ती जा रही है। इस दौरान मेट्रो के खाते में अनेक उपलब्धियां आई, लेकिन कुछ ऐसी घटनाएं भी हुई जिनकी चर्चा आज भी होती है। इस बारे में डीएमआरसी प्रवक्ता अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो 2002 में महज छह स\टेशनों के साथ केवल 8.4 किलोमीटर की उद्घाटन नेटवर्क लंबाई से, दिल्ली मेट्रो आज 393 किलोमीटर और 288 स्टेशनों के नेटवर्क के साथ खड़ी है। दिल्ली मेट्रो पर हर दिन छह मिलियन से अधिक यात्री यात्राएं कर रहे हैं, जिससे यह पूरी दुनिया में सबसे बड़ी जन परिवहन प्रणालियों में से एक बन गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो दुनिया में सबसे तेजी से विस्तार करने वाले मेट्रो नेटवर्क में से एक है। गत 21 वर्षों में एनसीआर में 380 किलोमीटर से अधिक अतिरिक्त लाइनें बिछाई गई है, जो एक आश्चर्यजनक उपलब्धि है और शायद, देश में बनाया गया सबसे बड़ा बुनियादी ढांचा चमत्कार है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनसीआर में 65 किलोमीटर नई लाइन बिछाई जा रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में नेटवर्क की लंबाई 400 किलोमीटर से अधिक हो जाएगी। दयाल के अनुसार वर्ष 2023 दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के लिए भी उपलब्धियों का वर्ष रहा। इस साल 17 सितंबर 2023 से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को 120 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज गति से संचालित करना शुरू कर दिया। नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक की कुल यात्रा में अब लगभग 21 मिनट लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के द्वारका सेक्टर 21 - यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 विस्तार का भी उद्घाटन किया। वहीं 4 सितंबर 2023 को दिल्ली मेट्रो ने 71.03 लाख यात्रियों को यात्रा करवाने का रिकॉर्ड दर्ज किया। इनके अलावा क्यूआर कोड-आधारित टिकटिंग प्रणाली, व्हाट्सएप आधारित टिकटिंग, पेटीएम पर टिकट की शुरुआत, टीवीएम और टीओएम पर यूपीआई के माध्यम से भुगतान की शुरुआत की गई। स्टेशनों पर ई-शॉपिंग सुविधा देते हुए डिजिटल लॉकर, स्मार्ट यूटिलिटी भुगतान और अंतिम-मील कनेक्टिविटी विकल्प जैसी सेवाओं तक त्वरित और सीधी पहुंच प्रदान करता है।

### 13 बड़े चर्च के आसपास जाम की आशंका, पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

# क्रिसमस: यातायात पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रविवार को नई दिल्ली में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर लोग सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च में मोमबत्तियां जलाते हैं। फोटो: एजेंसी

क्रिसमस डे पर दिल्ली के दर्जनभर से ज्यादा चर्च के आसपास जाम की आशंका के चलते यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस का कहना है कि 13 बड़े चर्च के आसपास की सड़कों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कई सड़कों से लोगों को बचने की सलाह भी दी गई है।

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक गोल डाक खाना स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च, मंदिर मार्ग स्थित सैंट थॉमस चर्च, 10 संसद मार्ग स्थित फ्री चर्च, राष्ट्रपति भवन के पास कैथेड्रल चर्च, मालचा मार्ग स्थित चर्च कार्मेल कान्वेंट स्कूल, दिल्ली कैंट स्थित सैंट मार्टिन चर्च, आरके पुरम में सेंट थॉमस चर्च, वसंतकुंज स्थित सेंट मेरी कन्यन चर्च, किशनगढ़ स्थित यूनाइटेड फ्री चर्च, वसंतकुंज में द पेंटेकोस्टल मिशन, महिपालपुर एक्सटेंशन स्थित इंडिपेंडेंट चर्च ऑफ इंडिया, रंगपुरी एक्सटेंशन स्थित फॉल्ज चर्च व वसंतकुंज स्थित सेंट अल्फासों चर्च पर पुलिस का खास फोकस रहेगा। इन चर्च में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के अंदेशे के चलते गोल डाक खाना, अशोका रोड, बाबा खड़ग सिंह मार्ग, संसद मार्ग, चर्च रोड, लोधी रोड, अरबिंदो मार्ग, पटेल चौक व अफ्रीका एवन्यू रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अगर ऐसे हालात बने तो ट्रैफिक पुलिस राम मनोहर लोहिया गोल चक्कर, भाई वीर सिंह मार्ग-कालीबाड़ी टी प्वाइंट, अशोका रोड पर पटेल चौक और कनाट प्लेस आउटर सर्किल (बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर गोल डाक खाना की ओर) जाने वाले रास्तों का ट्रैफिक डाइवर्ट किया जाएगा।

## 26 जनवरी से पहले हो सड़कों, फुटपाथों व पार्कों की मरम्मत : इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली की महापौर शैली ओबेराय से 26 जनवरी से पहले सड़को , फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज, पार्कों में स्थित बैंचों, झूलों, ओपन जिम की मरम्मत, पेड़ों एवं झाड़ियों की छंटाई इत्यादि की मरम्मत करवाने की अपील की है। उन्हें निगम में पहले से चली आ रही परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। राजा इकबाल ने कहा कि पहले जब निगम में भाजपा की सरकार थी तो 15 अगस्त एवं 26 जनवरी से पहले ये सभी रखरखाव संबंधी कार्य कराए जाते थे। किंतु जब से निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तबसे ऐसे कार्य बंद पड़े हैं। जबकि 15 अगस्त एवं 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय त्यौहारों के अवसर पर बड़ी संख्या में देशी एवं विदेशी मेहमान दिल्ली आते हैं। ऐसे में साफ सुथरी एवं चमकती दिल्ली मेहमानों पर एक अच्छी छाप छोड़ेगी। इकबाल ने कहा कि महापौर साहिबा को राजनीति छोड़कर अब कुछ काम दिल्ली की भलाई के भी करने चाहिए।

### भजनपुरा इलाके का मामला

# सिर में लगी थी चोट, 12वीं के छात्र की एक सप्ताह बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ झगड़े के बाद दोनों पक्ष के बीच हो गया था समझौता

■ प्राथमिक इलाज के बाद छात्र आ गया था घर

भजनपुरा इलाके में सरकारी स्कूल के छात्रों के बीच हुए झगड़े ने एक 12वीं के छात्र की जान चली गई। 17 वर्षीय मृतक को एक सप्ताह पहले झगड़े में सिर में चोट लगी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस ने मारपीट समेत गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अब पुलिस इस वारदात में शामिल आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक 54 वर्षीय जितेन्द्र परिवार के साथ गली नंबर चार भजनपुरा में रहते हैं। वह प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनका 17 वर्षीय बेटा जन कल्याण स्कूल भजनपुरा में 12वीं कक्षा में पढ़ता था। 15 दिसंबर को स्कूल से लौटते समय छात्र का एक अन्य छात्र से झगड़ा हो गया था। झगड़े में उसके सिर और चेहरे पर चोट आई थी। अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई थी और दोनों पक्ष के लोगों में समझौता भी हो गया था। लेकिन 23 दिसंबर की सुबह लगभग छह बजे उसकी अचानक से तबीयत बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। रात करीब साढ़े 10 बजे इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। पुलिस छात्र की मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिये पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं पुलिस की शुरुआती पूछताछ में पता चला कि दोनों छात्रों के बीच 12 दिसंबर को स्कूल के बाहर बहस हुई थी। इसी का बदला लेने के इरादे से घटना वाले दिन शाम करीब पांच बजे पीड़ित छात्र पर हमला किया गया था।

# यौन उत्पीड़न की घटना : सौरभ भारद्वाज ने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

## स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य सचिव से छह घंटे में मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुराड़ी अस्पताल से यौन उत्पीड़न की एक घटना सामने आने के बाद दोषियों के खिलाफ मुख्य सचिव से पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करवाने के साथ-साथ छह घंटे के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न से संबंधित एक घटना के संबंध में स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में जांच समिति के तत्काल गठन का भी आदेश दिया। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में भारद्वाज ने कहा कि सोशल मीडिया से उनकी जानकारी में आया है कि दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल



में महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आउटसोर्स कर्मियों के यौन उत्पीड़न से संबंधित कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। मंत्री ने पत्र में कहा कि इस संबंध में 19 दिसंबर को एक थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि दिल्ली पुलिस आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ नरम रही है, जिससे सोशल मीडिया पर काफी नाराजगी है। मंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। आपको यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि दोषियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह भी पता चला है कि आरोपी पर्यवेक्षकों या प्रबंधकों की सेवाएं आउटसोर्सिंग फर्म द्वारा समाप्त कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोषी पाए जाने पर कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि एक जांच समिति तुरंत गठित की जानी चाहिए, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य सचिव को करनी चाहिए और उसे 24 घंटे में प्रारंभिक रिपोर्ट देनी होगी, जबकि अंतिम रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करनी होगी। दोषियों के खिलाफ सख्त सजा की सिफारिश की जानी चाहिए।

### दोषियों पर कार्रवाई का आदेश देने में दिल्ली सरकार को लग गए दो दिन : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने रविवार को कहा है कि यह अफसोसजनक है कि स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न के मामले में जागने और संज्ञान लेने में 2 दिन लग गए। उन्होंने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की लेकिन अफसोस की बात है कि उन्होंने इस चौंकाने वाले मामले पर एक शब्द भी नहीं बोला। दरअसल दिल्ली सरकार और दिल्ली महिला आयोग ने अस्पताल में यौन उत्पीड़न के मामले को नजरअंदाज करने की कोशिश की, लेकिन 22 दिसंबर को राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करने के बाद उन्हें कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### घटना की हो उच्च स्तरीय जांच : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुराड़ी में दिल्ली सरकार के अस्पताल में महिलाकर्मियों के यौन शोषण की घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है और उन्होंने उपराज्यपाल से मांग की है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही स्थानीय विधायक संजीव झा से भी पूछताछ की जाए क्योंकि महिलाओं ने आरोप लगाया है कि यौन शोषण करने वाले आप विधायक के समर्थक हैं। बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार के तमाम सरकारी अस्पतालों और स्कूलों में आम आदमी पार्टी (आप) के समर्थकों को किसी न किसी बहाने घुसाया गया है।

# दिल्ली सरकार ने तीन कोरोना योद्धाओं को सौंपी एक-एक करोड़ की सम्मान राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कोरोना महामारी के समय लोगों की जान बचाते हुए कोरोना की चपेट में आकर जान गंवाने वाले तीन कोरोना योद्धा के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें केजरीवाल सरकार की ओर से एक -एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान गोपाल राय ने बताया कि कोरोना योद्धा संदीप कुमार शर्मा कैट्स में, कृष्ण पाल गुरुनानक आई सेंटर में और पूनम नागर जीटीबी हॉस्पिटल में कार्यरत थे। अपनी ड्यूटी निभाते हुए ये लोग कोरोना की चपेट में आ गए और उनका निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के समय दूसरों की सेवा करते हुए कोविड की चपेट में आकर जान गंवाने वाले दिल्ली के कई कोरोना योद्धाओं के परिजनों को केजरीवाल सरकार एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दे चुकी है। राय ने आज तीनों कोरोना योद्धाओं, स्वर्गीय संदीप कुमार शर्मा के परिवारजनों से मिलने नवीन शाहदरा, स्वर्गीय कृष्ण पाल के परिवारजनों से मिलने ताहिरपुर और स्वर्गीय पूनम नागर के परिवारजनों से मिलने जीटीबी एन्क्लेव पहुंचे। इस दौरान गोपाल राय ने उन्हें एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। पर्यावरण मंत्री ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी और भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पाए, लेकिन मुझे उम्मीद है कि परिजनों को इस आर्थिक मदद से अपना भविष्य संवारने एवं जीवन यापन में थोड़ी सहायता मिलेगी। राय ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच जनता की सेवा के लिए डॉक्टरों, नर्सों, और कर्मचारियों ने परिजनों से दूर रहकर मरीजों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवाएं दी। इस बीच कई कोरोना योद्धा खुद कोरोना संक्रमित हुए और अपनी जान तक गवां दी। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। उनकी मदद के लिए दिल्ली सरकार हमेशा उनके साथ है। हम अपने सभी कोरोना योद्धाओं का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों की सेवा की है।

## नकली दवा विवाद : सतर्कता निदेशालय ने जांच में विफल रहीं दवाओं को वापस लेने का दिया निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर गुणवत्ता मानक जांच में विफल हुई दवाओं को वापस लेने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी, जिसके बाद निदेशालय ने यह निर्देश दिया है। सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में गुणवत्ता मानक परीक्षण में विफल रहीं और जीवन को खतरे में डालने की गुंजाइश वाली दवाओं की कथित आपूर्ति की जांच की सिफारिश की थी। अधिकारियों के अनुसार जो दवाएं घटिया गुणवत्ता की पाई गईं, उनमें फेफड़ों और मूत्र तंत्र के संक्रमण के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महत्वपूर्ण जीवन रक्षक एंटीबायोटिक सेफैलेक्सिन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फेफड़ों, जोड़ों और शरीर में सूजन को ठीक करने के लिए एक स्टेरॉयड 'डेक्सामेथासोन', मिर्गी-रोधी और चिंता विकार-रोधी मनोरोग दवा 'लेवेतिरसेटम' और उच्च रक्तचाप-रोधी दवा 'एम्लोडेपिन' भी शामिल है। सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य सचिव को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि ऐसी दवाओं के लिए कंपनियों को कोई भुगतान नहीं किया जाए। चौबीस दिसंबर के आधिकारिक पत्र में कहा गया है, आपसे यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि ऐसी सभी दवाएं जो निर्धारित मानदंडों में विफल रही हैं, उनकी मात्रा तत्काल पता लगाई जानी चाहिए और कानून की उचित प्रक्रिया के अनुसार जब्त की जानी चाहिए।

## मुख्य सचिव सात दिन में करें डीजेबी में पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने को कहा कि अगले सात दिन में दिल्ली जल बोर्ड में जल निकासी और वित्त का कामकाज देखने के लिए पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए जाएं। दिल्ली जल बोर्ड में दो महीने से अधिक समय से जल एवं जल निकासी सदस्यों की नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आतिशी ने कहा कि कई परियोजनाएं रुकी हुई हैं क्योंकि तकनीकी मंजूरी केवल ये सदस्य ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि दो वरिष्ठ तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति की फाइलें दिल्ली जल बोर्ड, शहरी विकास विभाग और सेवा विभाग के बीच घूम रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तीन महीने से वित्त के लिए कोई पूर्णकालिक सदस्य नहीं है। जल मंत्री और डीजेबी अध्यक्ष आतिशी ने कहा कि जल और शहरी विकास के प्रभारी मंत्रियों को नियुक्तियों के संबंध में कोई फाइल नहीं भेजी गई और दावा किया गया है कि यह सेवा का मामला है और इसलिए निर्वाचित सरकार के दायरे से बाहर है।

## कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग निर्माण के खिलाफ चला निगम का पीला पंजा


नई दिल्ली। कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया है। निगम का दावा है कि 1 दिसंबर 2023 से वर्तमान तक करीब 111 निर्माण में तोड़फोड़ एवं सीलिंग की कार्रवाई की गई। इनमें सिविल लाइंस क्षेत्र के स्वरूप नगर वार्ड में 4 स्थानों पर कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को हटाना शामिल है। जबकि दिल्ली नगर निगम ने दक्षिणी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 1 दिसंबर 2023 से अब तक 111 तोड़फोड़ एवं सीलिंग की कार्रवाई की है। निगम ने जनता से अपील की है कि सस्ते मकान एवं प्लाट के लालच में आकर बेईमान बिल्डरों के झांसे में कदापि न आएं। क्योंकि निगम ऐसे निर्माण, प्लाट व अन्य तरह के निर्माण पर लगातार सख्त कार्रवाई करती रहेगी। निगम ने डीडीए व स्थानीय पुलिस की सहायता से सिविल लाइंस क्षेत्र के स्वरूप नगर वार्ड में अवैध रूप से कृषि भूमि की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त किया है। निगम की टीम ने स्वरूप नगर वार्ड में खसरा नं 1/6,1/15 गली नं 08 केला गोदाम के निकट 10,000 गज, खसरा नं 1/7 गली नं 08 कृष्णा वाटिका के निकट 6000 गज, खसरा नं 2/20,2/21 गली नं 08 स्वरूप नगर 8000 गज एवं खसरा नं 1246-1247 गली नं 15 स्वरूप नगर 8500 गज में कृषि भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान उपरोक्त भूमि पर बिल्डर द्वारा की गई चारदीवारी,कमरे और सड़क इत्यादि निर्माण को पूर्ण रूप से ध्वस्त किया गया। वहीं दूसरी तरफ निगम ने दक्षिणी क्षेत्र के डेरा मंडी, आया नगर,भाटी, छतरपुर,महरौली, नेब सराय, ग्रीन पार्क,सफदरजंग एन्क्लेव,ग्रेटर कैलाश भाग 1 एवं 2, मांडी,भाटी इत्यादि स्थानों पर कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने 8 स्थानों पर प्लाटिंग के लिए शुरुआती दौर में की जा रही चारदीवारी को ध्वस्त किया।

## नरेला में आयोजित डीडीए के मेगा कैंप में पहुंचे उपभोक्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा फेस्टिवल धमाका पहले आओ पहले पाओ आवास योजना के नरेला में तैयार खड़े फलैटों का अवलोकन के लिए एक मेगा कैंप आयोजित किया। उपभोक्ताओं को नरेला साइट तक लाने ले जाने के लिए बकायदा डीडीए ने जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से वाहनों की व्यवस्था भी की गई। वीकेंड रविवार के चलते उपभोक्ताओं की संख्या अच्छी खासी रही। इस बारे में डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण ने पहले ही सभी तैयारियां कर रखी थी। जिसमें कैंप साइट से लेकर जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशनों पर लोगों को लाने ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था आदि शामिल थी। अधिकारी के अनुसार फेस्टिवल धमाका पहले आओ पहले पाओ आवास योजना के अवलोकन के लिए लगाया कैंप सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सुचारू रूप से चलता रहा। डीडीए ने उपभोक्ताओं को योजना के अंतर्गत बेचे जाने वाले फलैटों में नरेला सेक्टर ए1-ए4, पॉकेट 7 आदि को मौके पर उपभोक्ताओं ने देखा। मौके पर पहुंची साधना नामक महिला उपभोक्ता ने कहा कि वह वजीरपुर में सालों से किराए के मकान में रहती है। छोटी छोटी बचत के सहारे कुछ पैसे जमा किए है, ऐसे में डीडीए का फ्लैट लेने की सोच रही हैं। फैक्ट्री में कार्य करने वाले पति ने अवकाश लिया है मेरे साथ फ्लैट देखने। उन्होंने बताया कि फ्लैट पसंद आया, जानकारी भी मिल गई है। शकील अहमद का कहना है वह वर्षों से अपने घर का सपना देख रहा है। करीब 15 साल से सीमापुरी में किराए पर रहता है, और आज नरेला फ्लैट देखने आया था।

## 30 दिसंबर तक चलेगा 'मैं भी केजरीवाल' अभियान, 4 से 7 जनवरी तक होंगी जनसभाएं

**नई दिल्ली।** जनता से मिल रहे भारी समर्थन के कारण आम आदमी पार्टी (आप) ने 'मैं भी केजरीवाल' अभियान के तहत डोर टू डोर कैंपेन की समय सीमा बढ़ाने का ऐलान किया है। अब यह अभियान 30 दिसंबर 2023 तक चलेगा। जिसमें 4 जनवरी से लेकर 7 जनवरी 2024 तक पूरी दिल्ली में आप नेता जनसभाएं करेंगे। इस बात की जानकारी आप के प्रदेश संयोजक और दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने दी। गोपाल राय ने कहा कि जिस तरीके से मोदी सरकार आप पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है उसको लेकर दिल्ली की जनता बहुत गुस्से में है। लोगों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने हमारे लिए अच्छे स्कूल और अस्पताल बनवाए। आज महिलाओं को फ्री में बस यात्रा मिल रही है। हमारे बिजली और पानी के बिल जीरो आ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। क्या मोदी सरकार अच्छे कामों के लिए हमारे नेता को गिरफ्तार करना चाहती है? दिल्ली की जनता कह रही है कि जो काम दिल्ली में हमारे लिए किसी सरकार ने नहीं किए वह काम दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। हम अपने सीएम को गिरफ्तार नहीं होने देंगे। अगर उनको गिरफ्तार किया गया तो हम भी उनके साथ जेल में जाएंगे। दिल्ली की जनता से हमारे अभियान को एकतरफा समर्थन मिल रहा है। मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनता एक सुर में कह रही है कि अगर मोदी सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा लेती है तो उन्हें अपना इस्तीफा नहीं देना चाहिए। उन्हें जेल में रह कर ही सरकार चलानी चाहिए।



विहिप के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने बताया अक्षत का महत्व

# रामकाज में जुटे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या के राममंदिर से पूजित अक्षत नगर के 15 मंदिरों में किए वितरित

विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग व बाहर से आए संतो ने इस अक्षत का महत्व पर प्रकाश डाला। दोनों ने सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर एवं राष्ट्रीय संत समाज ने ऐतिहासिक मठ दूधेश्वर नाथ मंदिर में विश्व अयोध्या से पूजित अक्षत वितरित किए गए। जो गाजियाबाद महानगर के 15 मंदिरों में स्थापित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग व बाहर से आए संतो ने इस अक्षत का महत्व पर प्रकाश डाला। दोनों ने सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। जबकि कार्यक्रम का संचालन दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि ने किया। इससे पहले यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु, ढोल, बैंड के साथ महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर भजनों के साथ नगर के विभिन्न हिस्सों में संचलन किया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ दिल्ली संत महामंडल महामंत्री नवल किशोर दास , महंत धीरेन्द्र पुरी, देवी मन्दिर महंत गिरिशानंद , विकास बंसल, अजय चोपड़ा, आर एस एस महानगर कार्यवाह मनमीत भी उपस्थित रहे।

## राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता देने निकली शोभा यात्रा



**गुरुग्राम** । 22 जनवरी 2024 को होने वाले भगवान श्रीराममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व देशभर में अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत की रथ यात्रा निकाली जा रही है। यहां सिद्धेश्वर मंदिर में रखे गए अक्षतों की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला, पुरुष, बच्चों ने इस यात्रा में शामिल होकर जय श्रीराम के नारे लगाए। मंगल परिधान (पीतांबर वस्त्र लाल चुनरी) पहनकर महिलाओं ने इस रथ यात्रा में शिरकत की। शोभा यात्रा ज्योति अस्पताल होते हुए रेल विहार तक पहुंची। वहां सनातन धर्म मंदिर में अक्षत रखकर सेक्टर-14 में प्रवेश किया। वहां के अक्षत हनुमान मंदिर (अन्य बस्तियों के भी अक्षत यहीं रखे गए) और फिर राजीव नगर मंदिर पर इस यात्रा का समापन हुआ।

### खबर संक्षेप

#### उत्तराखंड के प्रतिनिधियों के साथ पूर्व मंत्री का भोज



**फरीदाबाद**। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने कार्यालय सेक्टर-16 सागर सिनेमा पर पूरे लोकसभा क्षेत्र से कुमाऊं और गढ़वाल संस्थाओं के प्रधान और उनकी कार्यकारिणी को स्नेह भोज पर आमंत्रित किया। इस मौके पर फरीदाबाद की लगभग सभी संस्थाओ के प्रधानों के अलावा उनके कार्यकारिणी के सदस्य भी मौजूद रहे।

#### व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत



**गुरुग्राम** । फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति अपनी बेटी की ससुराल से पैदल लौट रहा था तो अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। जिससे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सुरेन्द्र ने बताया कि पिता सुभाष चंद्र (47 वर्ष) उसकी बहन की ससुराल हरिनगर डूमा गए थे।

#### एटीएम तोड़ने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गुरुग्राम** । न्यू कालोनी में एटीएम तोड़ने के प्रयास का मामला सामने आया है। दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि उनकी टीम देर रात गस्त पर थी। तभी बैंक के एटीएम का शटर उठा हुआ दिखाई दिया। जब टीम एटीएम बूथ में अंदर पहुंची तो दो लोग खड़े मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों एटीएम तोड़ने का प्रयास कर रहे थे।

#### बोरे में बंद मिला महिला का शव, हत्या का केस दर्ज



**गुरुग्राम** । दिल्ली-जयपुर हाइवे पर सहरावन गांव के पास नाले में एक महिला का शव प्लास्टिक के बोरे में बंद मिला। पुलिस ने सूचना के बाद महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस में रखवा दिया है। वहीं शाम तक महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई। वहीं महिला ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का शव प्लास्टिक के बोरे में बंधा मिला।

#### युवक से मारपीट, कार के शीशे तोड़े



**गुरुग्राम** । सेक्टर-37 थाना क्षेत्र में रेस्टोरेंट से खाना खाकर कार से लौट रहे दोस्तों की कार के शीशे तोड़ने, मारपीट करने का मामला सामने आया है। दूसरी कार सवार कुछ लोगों ने ओवरटेक कर कार रुकवाई और गाड़ी से उतरते ही लोगों ने सही ढंग से ओवरटेक न करने की बात कहते हुए कार के शीशे तोड़ दिए। एक युवक के साथ मारपीट भी की। डंडों से मारकर जयदीप की कार के शीशे तोड़ दिए।

धौज व आलमपुर गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

# कामकाज के तरीकों में बदलाव का प्रदर्शन हर व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

- बिना भेदभाव के सभी छत्तीस बिरादरी का समान विकास कर रही भाजपा सरकार
- फैमिली आईडी में सुधार वाले स्टॉल पर भारी भीड़

जिले के प्रत्येक गांवों में विकास कार्य जोरों पर चल रहे है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में केन्द्रीय राज्य मंत्री के सहयोग से करोड़ों के विकास कार्य हो चुके है तथा कुछ पाईप लाईन में शेष है उन्हें भी जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गतआने वाले धौज व आलमपुर गांवों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी यशबीर डागर का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

डागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में, मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल प्रदेश में तथा क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद जिले में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है। जिले के प्रत्येक गांवों में विकास कार्य जोरों पर चल रहे है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में केन्द्रीय राज्य मंत्री के सहयोग से करोड़ों के विकास कार्य हो चुके है तथा कुछ पाइप लाइन में शेष है उन्हें भी जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए यह यात्रा हरियाणा के प्रत्येक गांव, कस्बा, मौहल्लों में पहुंच रही है। जिसमें भाजपा सरकार एक ऐसी सरकार है जो बिना भेदभाव के समाज की सभी छत्तीस बिरादरी का समान विकास कर रही है। गरीबों तक बिना किसी लोभ-लालच के योजनाओं को पहुंचने का काम करती है। जिसमें लोगों के आयुष्मान कार्ड, उज्जवल योजना के तहद गैस सिलेंडर, फैमिली आईडी तक में सुधार, पेंशन योजनाए और गरीबों के रोजगार के लिए मुद्रा लोन जैसी सभी योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। इस मौके पर यशबीर डागर के साथ संदीप भड़ाना भाजपा पाली मंडल अध्यक्ष, कोट गांव से केसर सरपंच, खेड़ला से वीरेंद्र सरपंच, धोज और आलमपुर गांव के पंच सरपंच भी मौजूद रहे।

इंटरलॉकिंग टाइल लगाने का काम शुरू

## अब हरियाणा सरकार गली गली को चमकाने के लिए कर रही विकास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने वार्ड-18 स्थित गांव अनखीर में विधायक आदर्श नगर ग्राम योजना के तहत विभिन्न गलियों को इंटरलॉकिंग टाइलों से निर्मित करने के कार्य की शुरुआत गांव की बेटी एवं वृद्ध नागरिकों के हाथों करवाई। इस कार्य पर लगभग 44 लाख रुपए की लागत आएगी।

इस असवर पर विधायक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सोच के अनुरूप शहरी क्षेत्रों की ही तरह गांवों के विकास में भी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी रही है। इसी के तहत गांवों की गलियों को इंटरलॉकिंग टाइलों से पक्का व मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे यहां के निवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पूरे बड़खल क्षेत्र का कोई भी इलाका विकास कार्यों से अछूता नहीं है। जहां कमी या परेशानी है उसे भी जल्द ही दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर की देखरेख में उनके क्षेत्र में विकास कार्यों को बखूबी अमलीजामा पहनाया जा रहा है तथा क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पेश नहीं आने दी जाएगी।

कई संगठनों ने मिलकर बैठक की

## ऑनलाइन देशभर के हितधारकों ने अपनी समस्याओं पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद एसोसिएशन द्वारा सभी हितधारकों व वर्गों की पहली बैठक का आयोजन सेक्टर-86 के ओजोन पार्क क्लब हाउस में किया गया। इस मीटिंग में ग्रेटर फरीदाबाद के कई आरडब्ल्यूए व उनके सदस्य, रेजीडेंट्स रिप्रेजेंटेटिव, एनजीओ जैसे रोड सेफ्टी, पेट लवर्स, स्ट्रीट डॉग केयर टेकर, सीनियर सिटीजन फोरम्स, शिक्षण संस्थान संचालक, अस्पताल संचालक व रिप्रेजेंटेटिव, व्यापारी मण्डल व उनके सदस्यों ने भाग लिया। इस मीटिंग में कई हितधारक जो देश के अन्य शहरों जैसे पुणे, बैंगलोर व हैदराबाद में रहते हैं व कई हित धारक जो विदेशों में भी रहते हैं ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भी जुड़े व अपनी बात रखी। ग्रेटर फरीदाबाद एसोसिएशन द्वारा ऑनलाइन लिंक के द्वारा कई सरकारी अधिकारियों को भी जुड़ने का आग्रह किया।

प्रधान व अधिवक्ता ओपी शर्मा ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में समस्याओं का अंबार है व योजनाबद्ध तरीके से न उठाने का खामियाजा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हितधारक भुगत रहे हैं। हर व्यक्ति निजी स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।

## पुरानी रंजिश के चलते धमकी

**गुरुग्राम**। भोंडसी थाना क्षेत्र के हरियाहेड़ा गांव में पुरानी रंजिश में एक दम्पति को हथियार दिखाकर एक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। वारदात रात करीब 12 बजे की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुनील दत्त निवासी हरियाहेड़ा ने बताया कि उसके परिवार का खेमचंद उर्फ काले के परिवार से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद हालांकि मामले को पंचायत कर सामाजिक रूप से सुलझा लिया गया था। इसके बाद खेमचंद उर्फ काले उससे रंजिश रखने लगा।

गत 21 दिसंबर की रात को 11.40 बजे दीवार कूदकर उसके घर में घुस गया और हथियार दिखाकर उसकी पत्नी को डराने लगा। जब छत से उसे आवाज सुनाई दी वह भी घर में पहुंचा तो सुनील को भी हथियार दिखाकर दोनों को जान से मारने की धमकी दी और पड़ोसी की दीवार कूदकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धोखाधड़ी से जमीन बेचने का मामला

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत 4 पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पूर्व जिला पंचायत सदस्य व समाजवादी पार्टी के नेता यासीन उर्फ सीनू प्रधान व उनके बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी से जमीन बेचने का मुकदमा वेव सिटी थाने में दर्ज किया गया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि इन चारों लोगों ने किसी दूसरे की घरों को अपने बताकर 28लाख 50हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में चार बिसा डासना निवासी अबरार ने कल्लू गढ़ी निवासी यासीन उर्फ सीनू प्रधान, उनके पुत्र अरशद, रफीकाबाद निवासी मतिर्रह्मान तथा उस्मान गढ़ी निवासी गुलजार को नामजद कराया है ।अबरार ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है आरोपियों ने उस्मान गढ़ी में किसी अन्य के घरों को अपना घर बात कर उसे 28लाख 50हजार रुपये ले लिए और काफी लंबे समय तक उन मकानों की ना तो रजिस्ट्री कराई और नए रुपए ही वापस किए। इसको लेकर उन्होंने और विधायक असलम चौधरी, नगर नगर पंचायत डासना के अध्यक्ष पति मुजाहिद हुसैन, हामिद अली,अत्ताउल्लाह आदि मौजिज लोगों की मौजूदगी में इस मामले पर पंचायत भी की। पंचायत में इन चारों ने अबरार से 28 लाख 50 हजार रुपए लेने की बात भी स्वीकारी लेकिन रुपए वापस नहीं किए। अबरार ने आरोप लगाया है कि तीन आरोपियों ने लाइसेंसी पिस्टल से उसकी जान से मारने की धमकी भी दी उन्होंने कहा कि इन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है आईपीसी की धारा 420 406 वह 506 के तहत सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## जीडीए काम पूरा कर इंदिरापुरम को जल्द करे हैंडओवरः महापौर

**गाजियाबाद**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में रात्रि कालीन विश्राम किया है। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की है। जिसमे इंदिरापुरम हैंडओवर का मामला आया, जिसके लिए महापौर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इंदिरापुरम में रहने वाले लोग शहर के ही लोग है जिनकी समस्या से हमे भी पीड़ा होती है यहां के पार्षद लगातार विकास कार्यों के लिए प्रयास कर रहे है उनकी पीड़ा सही है, लेकिन यह कॉलोनी जीडीए के पास है, नगर निगम हैंडओवर करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन जीडीए इंदिरापुरम को एवं वहां के विकास कार्यों को पूर्ण करे या कार्यों की राशि की व्यवस्था करे, जिससे वहां का विकास कार्य जा सके जिसमे मा.मुख्यमंत्री जी ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नुरुल उर्फ नूर इस्लाम शेख, पुत्र तौरुल उर्फ तमुजादीन शेख लाल,** निवासी खसरा नं. 183, पिंकी का मकान, निधि कॉलोनी, रिठाला गांव, दिल्ली ने **केस रजि. नं. 6830/2021 एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 204/2021 धारा 4454/380/411/34 भा.द.सं.** के तहत थाना बुध विहार रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नुरुल उर्फ नूर इस्लाम शेख** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नुरुल उर्फ नूर इस्लाम शेख** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस रजि. नं. 6830/2021 एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 204/2021 धारा 4454/380/411/34 भा.द.सं.** के तहत थाना बुध विहार रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नुरुल उर्फ नूर इस्लाम शेख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर–पश्चिम)
DP/14777/RD/2023 कमरा नं. 112, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली-110001
Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्या: 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2023-24 दिनांक: 21.12.2023

**नीलामी सूचना सं.-मार्च-2024**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई-नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को विक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

**मार्च' 2024 की ई-नीलामी**

| सं. | नीलामी करनेवाला डिपो | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण | नव चरण | दश चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10.00 | 2 | 5 | 9 | 13 | 16 | 20 | 23 | 27 | 28 | 30 |
| 2. | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10.00 | 2 | 6 | 9 | 14 | 16 | 21 | 23 | 27 | 28 | 30 |
| 3. | जगाधरी 01732-252388 | 10.00 | 2 | 6 | 9 | 14 | 16 | 21 | 23 | 27 | 28 | 30 |
| 4. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10.00 | 1 | 6 | 11 | 14 | 18 | 21 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 5. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 11.00 | 4 | 7 | 12 | 15 | 19 | 22 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 6. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 11.00 | 1 | 5 | 11 | 13 | 18 | 20 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 7. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10.00 | 4 | 7 | 12 | 15 | 19 | 22 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 8. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 11.00 | 1 | 5 | 11 | 13 | 18 | 20 | 26 | 27 | 28 | 29 |

**नोट:-** नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण **www.ireps.gov.in** पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे **1.** इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। **2.** पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण **www.nr.railnet.gov.in** पर उपलब्ध है। **3.** ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को **ireps** पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें।

4013/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रदर्शनी का शिक्षा मंत्री ने किया अवलोकन

# विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को मिले इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के द्वारा सूरजकुंड मेला ग्राउंड में भव्य गुर्जर मेला आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के संस्कृति जीवन शैली, खान-पान को दर्शाया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आए चित्रकारों ने अपने-अपने चित्रकला की प्रदर्शनी लगाई। जिसके साथ विभिन्न राज्यों से आए 50 स्कूलों के लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें कई ग्रुप बनाए गए और सभी ग्रुपों में फस्ट, सेकंड और थर्ड आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रदर्शनी में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले राजेश कुमार की कलाकृतियों की कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल गुर्जर, तिगांव विधानसभा के विधायक राजेश नागर तथा शनि धाम के दाती महाराज व राष्ट्रीय गायक कलाकार ब्रह्मपाल नागर सहित जाने-माने राजनीतिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक व्यक्तियों ने राजेश कुमार के कलाकृतियों की सराहना की। जिसमें हरियाणा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों से आए हजारों कला प्रेमियों ने इस कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस गुर्जर महोत्सव में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, राजेश कुमार का नाम कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड में दर्ज है, जिसमें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, लिम्का बुक का रिकॉर्ड से राजेश कुमार को सम्मानित किया जा चुका है। राजेश कुमार की गणेशा सीरीज की कलाकृतियां मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## 18 जन. से शुरू होकर यात्रा 20 को अयोध्या में समाप्त होगी

# राम मंदिर उद्घाटन समारोहः गोरखपुर होते हुए जनकपुर से अयोध्या पहुंचेगी यात्रा, नेपाल भेजेगा 'विशेष स्मृति चिन्ह'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

नेपाल अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयों से युक्त विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा। देश के एक अखबार की खबर में यह जानकारी दी गई है।

अखबार की खबर के मुताबिक स्मृति चिह्न देने के लिए जनकपुरधाम-अयोध्याधाम यात्रा आयोजित की जाएगी।

जानकी मंदिर के संयुक्त महंत राम रोशन दास वैष्णव ने बताया कि 18 जनवरी से शुरू होने वाली यात्रा 20 जनवरी को अयोध्या में समाप्त होगी। उसी दिन स्मृति चिन्ह श्री राम जन्मभूमि राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा।



### शालिग्राम पत्थरों को भी प्रतिमा के लिए भेजा था

जनकपुरधाम से यात्रा जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढीमाई, बीरगंज होते हुए बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचेगी। खबर में कहा गया है कि इससे पहले नेपाल में कालीगंडकी नदी के तट से एकत्र किए गए शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की प्रतिमा बनाने के लिए अयोध्या भेजा गया था, जिन्हें उद्घाटन के दिन मंदिर में स्थापित किया जाएगा।

## एक हजार साल होगी राम मंदिर की आयुः चंपत राय

अयोध्या महोत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है। हिंदुस्तान के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आयु एक हजार साल की होगी। इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है। अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं। फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा और साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे क्योंकि अयोध्या भगवान श्रीराम का जन्म स्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती। उन्होंने कहा



कि राम मंदिर राष्ट्र का मंदिर है। राष्ट्र के सम्मान का मंदिर है। 10 करोड़ लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए योगदान दिया है। राम मंदिर करोड़ों लोगों के परिश्रम से निर्मित हो रहा है। राम मंदिर की आयु एक हजार साल बनाने की कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि जमीन में ऊपर कंक्रीट नहीं है। जमीन के नीचे लोहे का तार नहीं है। 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई गई है। सीमेंट का प्रयोग मात्र 2.5 प्रतिशत तक किया गया है। अब तक 21 लाख क्यूबिक पत्थर लग चुके हैं। हमने किसी विदेशी कंसल्टेंट की मदद नहीं ली है। राम मंदिर स्वतंत्र भारत की अद्भुत इंजीनियरिंग की रचना है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा



**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट काशी प्रसाद सिंह यादव ने जफराबाद थाना क्षेत्र निवासी विपिन को 10 वर्ष की सजा व दस हजार रुपए के अर्थदंड सुनाया। वादी मुकदमा ने थाना जफराबाद में प्राथमिकी दर्ज कराया कि 15 वर्षीय किशोरी घर के बाहर शौच करने गई। उसी समय रेलवे लाइन की तरफ से विपिन आया और पीड़िता का हाथ पकड़कर खींच लिया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

### यूपी के स्कूलों में बनेंगे स्वास्थ्य क्लब



**लखनऊ।** स्कूल-कॉलेज के बच्चों की सेहत सुधारने के लिए विद्यालयों में स्वास्थ्य क्लब स्थापित किए जाएंगे। शिक्षकों के सहयोग से स्थापित होने वाले इन क्लब में उनको खानपान संबंधी आदतों के विकास, बच्चों को स्वस्थ भोजन, श्रीअन्न के फायदे आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा। इससे जुड़ी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा

## नए साल पर आईपीएस अधिकारियों को सीएम योगी का बड़ा तोहफा

# डीपीसी की बैठक में नामों पर लगी मुहर 77 आईपीएस को पदोन्नति मिलने का रास्ता साफ

» 33 पदों पर पदोन्नति प्रदान किए जाने की सहमति प्रदान की गई

*31 आईपीएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किए जाने की सहमति*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

आईएएस अधिकारियों के बाद नव वर्ष पर 77 आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में डीजी के छह, एडीजी के दो, आईजी के पांच, डीआईजी के 33 पदों पर पदोन्नति प्रदान किए जाने की सहमति प्रदान की गई। इसके अलावा, 31 आईपीएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किए जाने की सहमति दी गई। सूत्रों का कहना है कि पांच आईपीएस अधिकारियों का लिफाफा बंद रहा। जल्द आईपीएस अधिकारियों का प्रोन्नति आदेश जारी होगा।



आईएएस अधिकारियों के बाद नववर्ष पर 77 आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में डीजी के छह एडीजी के दो आईजी के पांच डीआईजी के 33 पदों पर पदोन्नति प्रदान किए जाने की सहमति प्रदान की गई। 31 आईपीएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किए जाने की सहमति दी गई।

### प्रशांत कुमार व तिलोतमा वर्मा सहित 6 का महानिदेशक पद पर प्रोन्नति

स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था के पद पर तैनात 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार के अलावा इसी बैच की तिलोतमा वर्मा समेत छह अधिकारियों को डीजी के पद पर प्रोन्नति प्रदान किए जाने की सहमति प्रदान की गई है। तिलोतमा वर्मा बीते दिनों ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आई हैं और प्रतीक्षारत हैं। इनके अलावा एडीजी के पद पर तैनात 1991 बैच के आईपीएस राजीव कृष्ण, अभय कुमार प्रसाद व प्रेम चन्द्र मीना तथा 1992 बैच के दिपेश जुनेजा को भी डीजी के पद पर प्रोन्नति प्रदान किए जाने की सहमति बनी। जनवरी 2024 में कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार व डीजी एसके माथुर का कार्यकाल पूरा होगा, जिसके उपरांत प्रशांत कुमार स्पेशल डीजी से डीजी के पद पर प्रोन्नत हो जाएंगे। इसके अलावा सचिव गृह के पद पर तैनात डा. संजीव गुप्ता व पुलिस कमिश्नर प्रयागराज के पद पर तैनात रमित शर्मा की आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नति होगी। दोनों 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

#### 2010 बैच के अधिकारियों को फायदा, दो के फैसले लिफाफे में बंद

2006 बैच के आईपीएस अधिकारी आकाश कुलहरि, धर्मेन्द्र सिंह, एलआर कुमार, अब्दुल हमीद व शलभ माथुर डीआईजी से आईजी के पद पर प्रोन्नत होंगे। वहीं 2010 बैच के आईपीएस वैभव कृष्ण, कलानिधि नैथानी, प्रभाकर चौधरी, संजीव त्यागी, पूनम, कुंतल किशोर, हरीश चंदर, सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, राठौर किरीट कुमार एच.भाई, शिव हरि मीना, शैलेश कुमार यादव, राहुल राज, शफीक अहमद, राधे श्याम, कल्पना सक्सेना, सुरेश्वर, रामजी सिंह यादव, संजीव सिंह, रामकिशुन, राजकमल यादव, राकेश पुष्कर, मनोज कुमार सोनकर, कुलदीप नारायण, मनीराम सिंह, किरन यादव, प्रमोद कुमार तिवारी, शहाब रशीद खान, एस आनन्द व राजीव नारायण मिश्रा के अलावा डॉ. धमवीर सिंह, अशोक कुमार (चतुर्थ), प्रदीप गुप्ता व डॉ. ओम प्रकाश सिंह को एसपी से डीआईजी के पर प्रोन्नति की सहमति प्रदान की गई है। बताया जा रहा है कि 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार सिंह, शोगुन गौतम व हिमांशु कुमार के लिफाफे बंद रहे। इसके अलावा 2011 बैच के 31 आईपीएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किए जाने की सहमति प्रदान की गई। इनमें दो अधिकारियों के लिफाफे बंद रहे।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अन्नदाता सम्मेलन में की शिरकत

# कांग्रेस ने किसानों को हमेशा कमजोर रखा, उन्हें कभी आगे बढ़ने नहीं दिया



■ किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मुख्यमंत्री ने उन्हें किया नमन

**भिवानी।** अन्नदाता सम्मेलन में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री व अन्य नेता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भी किसान हितैषी सरकार है और किसान व कृषि हमारी नीतियों के सदैव केंद्रीय बिंदु रहे हैं। किसानों के लिए हमारी सरकार ने निरंतर कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है। हमारी सरकार किसानों के हित में निर्णय लेती है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा किसानों को कमजोर करने का काम किया है और उन्हें हमेशा गुमराह कर उनका अहित किया है। मुख्यमंत्री रविवार को चौधरी चरण सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर जिला भिवानी के गांव सिंघानी में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वे 1982-84 के दौरान पार्टी के काम के कारण इस इलाके में भ्रमण करते थे, तो उस समय रास्तों पर रेत के पहाड़ उड़ कर आ जाते थे, लेकिन अब इस इलाके में टेल तक पानी पहुंचने, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली लागू होने से और यहां के किसानों की मेहनत के कारण इस इलाके की भूमि उपजाऊ हो गई है। अब यहां रेत के पहाड़ नहीं दिखते हैं। इसके लिए यहां कि अन्नदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, हर समय किसानों के लिए सोचते थे। सबको पता है कि चौधरी चरण सिंह कांग्रेस में गए। वे आजादी के बाद 20 साल लगातार कांग्रेस की सरकार में रहे। लेकिन किसानों को कांग्रेस ने हमेशा कमजोर करके रखा, उनको कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। परंतु 1967 में उन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया और किसानों के हित के लिए नई पार्टी बनाई।

## पेज एक का शेष

### मोहन सरकार आज लेगी...

से शाम 4 बजे के बीच में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और फिर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में सौजन्य मुलाकात की। शाम उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और मंत्रियों की संभावित सूची को लेकर उनसे सहमति ली। डॉ. यादव देर रात भोपाल पहुंचे। उनका राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार को सुबह नौ बजे के आसपास मिलने का कार्यक्रम है। इस मुलाकात में वे मंत्री बनने वाले विधायकों की सूची उन्हें सौंपेंगे। राजभवन के बाद वे हुकुमचंद मिल वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर निकल जाएंगे। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल तरीके से शामिल होंगे। सीएम यादव का सप्ताह भर में यह तीसरा दिल्ली दौरा था।

**विंध्य व महाकौशल से इनके नामः** विंध्य अंचल में रीवा से रीति पाठक, सीधी जिले के विश्वमित्र पाठक व नए जिले मऊगंज से प्रदीप पटेल को मंत्री पद का मौका मिल सकता है। महाकौशल से राकेश सिंह के साथ ही मंडला व डिंडोरी से आदिवासी विधायकों में से दो को मंत्री बनाए जाने के आसार हैं। चंबल व ग्वालियर संभाग से प्रद्युम्न सिंह तोमर व अंबरीश शर्मा को मंत्री बनाया जा सकता है। इसके साथ ही गुना से प्रियंका मीणा के नाम की भी चर्चा है।

**मालवा-निमाड़ व बुंदेलखंड से इन्हें मिल सकता है मौकाः** मालवा अंचल में इंदौर से रमेश मेंदोला, तुलसी सिलावट, कैलाश विजयवर्गीय में किन्हीं दो को मौका मिल सकता है। इसके अलावा जीतू पटवारी को हराने वाले मधु वर्मा भी मंत्री बन सकते हैं। निमाड़ क्षेत्र में बुरहानपुर से मंजू राजेंद्र दादू भी मंत्री बन सकती हैं। सागर से वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव व भूपेंद्र सिंह का नाम है। प्रदीप लारिया, हरिशंकर खटीक व महिला विधायक ललिता यादव मंत्री बनने की कतार में हैं। इसके साथ ही वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री रह चुके प्रह्लाद पटेल का भी नाम है। जबकि जवेरा व पवई से दो लोधी विधायकों में से किसी एक को मंत्री बनाए जाने के आसार हैं।

### मंत्री बनने वाले विधायक ...

हर दिन कयास लगाए जाने लगे थे कि एक दो दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। किंतु अब जाकर यह घड़ी आई और पूरे जश्न के साथ राजभवन में मंत्रियों को शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। मंत्री बनने वाले विधायकों को इसकी सूचना देर रात दे दी गई। ताकि, वे परिवार सहित राजभवन में शिरकत कर सकें। सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी ने शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम में करीब डेढ़ हजार लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। आमंत्रण पत्र का वितरण सोमवार को ही होगा।

### इन नामों पर लग...

ही मंत्री बनाए जाने की संभावना है। रायसेन ने डॉ. प्रभुराम चौधरी का नाम चल रहा है। बैतूल से हेमंत खंडेलवाल का नाम चल रहा है। राजगढ़ से हजारी लाल दांगी को मंत्री बनाया जा सकता है।

### पहलवानी में 'मनमानी'...

जो भी बात करनी होगी, वो नई फेडरेशन करेगी। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैं सांसद हूं और अपने काम पर फोकस करूंगा। उन्होंने कहा कि 'दबदबा तो है दबदबा तो रहेगा' के पोस्टर लगाए जाने से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। माना जा रहा है कि साक्षी मलिक अब अखाड़े में लौट आएंगी और बजरंग पूनिया भी अपना अवॉर्ड वापस ले लेंगे।

### भारत का झंडा...

युद्धपोत को इमरजेंसी कॉल भेजा गया है। यह हमला भारतीय तट पर एक और टैंकर पर हमले के एक दिन बाद हुआ। दो जहाजों ने दक्षिणी लाल सागर में गश्त कर रहे अमेरिकी नौसैनिक जहाज को सूचित किया था कि उन पर हमला हो रहा है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उनमें से एक, नॉर्वे का झंडा लगे और स्वामित्व वाले एम/वी ब्लामेनन नामक रासायनिक टैंकर ने सूचना दी कि हूतियों द्वारा छोड़ा गया ड्रोन उनके बेहद करीब से गुजरा है। वहीं, जिस जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ है वो एम/वी साईबाबा है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि एक दूसरा जहाज, एम/वी साईबाबा, जो गैबॉन के स्वामित्व वाला जहाज है और जिसपर भारत का झंडा लगा हुआ है, पर ड्रोन से हमला हुआ है। यह जहाज अपने साथ कच्चा तेल लेकर जा रहा था। हालांकि, इस ड्रोन हमले में जहाज पर किसी के घायल होने की कोई सूचना अभी तक नहीं है।

### अरब सागर में भी...

रासायनिक टैंकर पर स्थानीय समयानुसार लगभग 10 बजे हिंद महासागर में संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ था। जिस समय इस पर हमला हुआ था, ये भारत के तट से 200 समुद्री मील दूरी पर था। जहाज के चालक दल में 21 भारतीय शामिल थे।

### पीएम मोदी ने ...

समूह को जम्मू, कश्मीर और लद्दाख मामलों के विभाग वतन को जानो के तहत 12 दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए 10 समन्वयकों और कार्यवाहकों के साथ जयपुर और नई दिल्ली के लिए रवाना किया था। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं को देश की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता से परिचित कराना है।

### एक बार नहीं, हजार...

बनर्जी ने कहा कि हममें से कुछ लोग विरोध करते समय गाने गाते हैं और चुटकुले बनाते हैं मैं राज्यसभा का सदस्य नहीं हूं। मुझे कैसे पता चलेगा कि सभापति क्या करते हैं? हालांकि, यह करने के बाद मिमिक्री का बोलबाला हो गया। उन्होंने कहा, मैं बंगाल की मिट्टी में पैदा हुआ हूं। बंगाल की संस्कृति में पैदा हुआ हूं। मेरा विद्यार्थी जीवन नाटकों का पाठ करने में बीता। मैं काफी अच्छा पाठ करता था। वह पुरानी बात है। मेरे पास कुछ भी नहीं है। हनुमान की पूंछ में आग लगा दी गई है। टीएमसी सांसद ने कहा कि आज चर्चा देश के अंदर नहीं रह गई है। देश के बाहर चली गई है। इस देश का लोकतंत्र ऐसा नहीं है। जो ऊपर बैठा है वो ऐसे ही करेगा। मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

## बिजली के तार से स्पर्श हुआ डीसीएम

# ट्रक बना 'आग का गोला' जिंदा जल मरा ड्राइवर

एजेंसी ▶▶ जौनपुर



जौनपुर में सुजानगंज क्षेत्र के कुरांवा गांव में विद्युत एचटी तार की चपेट में आने से डीसीएम आग का गोला बन गई। इसमें चालक की बुरी तरह से जलने से मौत हो गई। वाराणसी के फूलपुर निवासी ट्रक चालक कलाम मुर्गी शाला में चारा पहुंचाने का काम करता था। वह जगह-जगह चारा पहुंचाकर वापस आ रहा था।

कुरांवा गांव में जैसे ही वह पहुंचा बिजली का तार नीचे था, जिससे डीसीएम में कहीं स्पर्श कर लिया जिससे बिजली पूरे ट्रक में उतर गई और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जितने में चालक कुछ समझ पाता उतने में आग विकराल रूप धारण कर ली। जब तक लोग पहुंचते तब तक ड्राइवर जल चुका था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक के बचे हुए शव को निकालकर थाने वापस लाई। थानाध्यक्ष रोहित मिश्र ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है ।

## घटना के वक्त महिला रेल पुलिस भी मौके पर पहुंची

# पटरी पर बच्चों को लेकर गिरी महिला, ऊपर से गुजर गई पूरी ट्रेन लेकिन खरोंच तक नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के पटना स्थित बाढ़ रेलवे स्टेशन पर एक ऐसी घटना हुई है, जिसे देखकर कलेजा कांप जाएगा। यहां एक ट्रेन में धक्का मुक्की के दौरान एक मां अपने 2 बच्चों के साथ पटरी पर गिर गई। जिसके बाद एक तेज रफ्तार ट्रेन भी उधर से गुजरी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि तीनों को एक खरोंच भी नहीं आई। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

बिहार के पटना स्थित बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर एक हादसा हुआ। विक्रमशिला ट्रेन में सवार होने के दौरान धक्का मुक्की में एक महिला अपने 2 बच्चों के साथ पटरी पर गिर गई। इसके बाद विक्रमशिला एक्सप्रेस पटरी पर गिरे तीनों मां और दोनों बच्चों के ऊपर से गुजर गई लेकिन तीनों का बाल भी बांका नहीं हुआ। रेलवे पुलिस ने तीनों को ट्रेन गुजरने के बाद पटरी से उठाया। रेलवे पुलिस अधिकारी के



मुताबिक, बेगूसराय निवासी रवि कुमार अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ बाढ़ स्टेशन पर विक्रमशिला एक्सप्रेस के कोच संख्या 8 पर सवार होकर दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। जैसेही विक्रमशिला एक्सप्रेस पहुंची तो रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रेलवे यात्रियों की भीड़ लग गई

### ईडी के साक्ष्य पर अधिकारियों के खिलाफ केस के लिए पीआईएल

**रांची।** झारखंड सरकार को साक्ष्यों के साथ मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों की जानकारी देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरुण कुमार उरांव ने अपने अधिवक्ता अभय कुमार मिश्र के माध्यम से याचिका दायर की है।

याचिका में कहा गया है कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट 2002 के सेक्शन 66 (2) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राज्य सरकार को आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एवं सूचना उपलब्ध कराती है, ताकि राज्य सरकार कार्रवाई कर सके।

लेकिन राज्य सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मनी लाउंड्रिंग करनेवाले भ्रष्ट अधिकारियों एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ झारखंड सरकार को साक्ष्य एवं सूचना मिलने के बाद भी कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है। राजीव अरुण एक्का, प्रेम प्रकाश आदि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई से सरकार बच रही है।

## जब्त वैन से सबूत इकट्ठा कर रही फॉरेंसिक टीम


# स्कूल वैन में छात्रा हुई दरिंदगी की शिकार, चालक गिरफ्तार, प्रिंसिपल व टीचरों ने चुप रहने को कहा था

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर पुलिस ने प्रिंसिपल और टीचर समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी ड्राइवर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। फॉरेंसिक टीम जब्त वैन से सबूत इकट्ठा कर रही है।

उत्तर प्रदेश के कानपुर में शर्मनाक घटना सामने आई है। स्कूल वैन में चालक पर छठवीं क्लास की छात्रा से दरिंदगी करने का आरोप लगा है। स्कूल पहुंचने पर पीड़ित छात्रा ने प्रिंसिपल समेत दो टीचरों को आपबीती सुनाई। उन्होंने मदद करने के बजाय पीड़ित छात्रा को चुप रहने की सलाह दी। स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा घर पहुंची। उसने परिजनों को रोकर घटना की जानकारी दी। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने वैन चालक, प्रिंसिपल और टीचरों समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

आरोपी वैन चालक हवालात के पीछे पहुंच गया। पुलिस ने वैन को भी कब्जे में ले लिया है। रावतपुर थाना क्षेत्र स्थित छठवीं की छात्रा रोजाना वैन से स्कूल जाती थी। रोज की तरह सुबह आठ बजे वैन चालक कल्लू छात्रा को घर से लेकर स्कूल के लिए निकला। वैन को स्कूल ले जाने के बजाय चालक सूनसान जगह पर ले गया। आरोप है कि चालक ने वैन के अंदर छात्रा को निशाना बनाया।




### प्रिंसिपल समेत टीचरों ने मामले को दबाया

हालत बिगड़ने पर चालक छात्रा को स्कूल छोड़कर भाग गया। स्कूल पहुंची छात्रा ने प्रिंसिपल समेत अन्य टीचरों को दी. मामले को दबाने के लिए सभी लोगों ने छात्रा को मुंह बंद रखने की सलाह दी। पीड़ित छात्रा को स्कूल से मदद नहीं मिली। स्कूल से छुट्टी के बाद घर जाते वक्त वैन का ड्राइवर दूसरा था। घर पहुंची छात्रा ने रो रोकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। बेटी की आपबीती सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।

### पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

उन्होंने रावतपुर थाना पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि छात्रा ने घटना की जानकारी टीचरों को दी। स्कूल प्रबंधन ने मामला छिपाने की कोशिश की। परिजनों की तहरीर पर वैन चालक, टीचरों और प्रिंसिपल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वैन से फॉरेंसिक टीम सबूत इकट्ठा करने में जुटी है।



# 150 करोड़ के पार पहुंचा 'डंकी' का कलेक्शन..

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' ने दुनियाभर में टिकट खिड़की पर तीन दिन में 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डंकी' शाहरुख खान की इस साल प्रदर्शित हुई तीसरी फिल्म है, जो बृहस्पतिवार को रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। 'डंकी' के निर्माण में शामिल कई प्रोडक्शन हाउस में से एक 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पृष्ठ पर टिकट खिड़की के आंकड़े साझा किए।

लाइफ Style



# तृप्ति
## रश्मिका ने कराया कंफर्टेबल फील

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म से उन्हें वो शोहरत मिली है, जिसकी उन्हें लंबे समय से दरकार थी। तृप्ति को लेकर कई मीडिया इंटरव्यू हो चुके हैं। उन्हें बड़ी-बड़ी फिल्मों के ऑफर मिलने की बात भी सामने आई है।

एनिमल से तृप्ति को लाइमलाइट तो खूब मिली है, लेकिन फिल्म में उनका रोल मात्र 15 मिनट का था। जबकि, लीड एक्ट्रेस के रोल में रश्मिका मंदाना थीं। हालांकि, रश्मिका से ज्यादा लोग तृप्ति के बारे में बात कर रहे हैं। कहा जाता है कि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकतीं। सेट पर तृप्ति के साथ रश्मिका का बर्ताव कैसा था, वह उनके साथ अच्छी थीं या नहीं, इसका खुलासा तृप्ति ने किया है। तृप्ति से पूछा गया कि सेट पर रश्मिका का उनके साथ कैसा बिहेवियर था। उन्होंने कहा कि उनके साथ किसी भी तरह का निगेटिव माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि रश्मिका उनके पास आईं और उन्हें गले लगाया। वह यह समझ पा रही थीं कि तृप्ति को ऑकवर्ड फील हो रहा है। तृप्ति ने बताया कि रश्मिका ने उन्हें कंफर्टेबल फील कराने की कोशिश की और एक नामी एक्ट्रेस के तौर पर उनकी ये क्वॉलिटी उन्हें बहुत पसंद आई। तृप्ति डिमरी ने खुद को रणबीर कपूर की फैन बताया। उन्होंने कहा कि वह रणबीर के साथ हमेशा से काम करना चाहती थीं और एनिमल वो मीडियम बना। रणबीर अपनी परफॉर्मेंस को लेकर सीरियस रहते हैं। तृप्ति ने बताया कि अपनी आर्ट और काम पर रणबीर की इतनी मजबूत पकड़ है कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है।

हॉलीवुड मसाला



# लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**लॉस एंजेलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर विन डीजल को लेकर हाल ही में एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। लॉस एंजेलिस में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। मुकदमे के अनुसार सितंबर 2010 में देर रात के बाद जोनासन को सेंट रेगिस होटल में डीज़ल के होटल में रहने के लिए कहा गया था।



# बॉसी लुक में स्पॉट हुई बेला हदीद...

**लॉस एंजेलिस।** बेला हदीद हॉलीवुड इंडस्ट्री की मोस्ट ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इवेंट, पार्टीज में अक्सर वह अपनी बोल्डनेस का तड़का लगाती नजर आती हैं। इसी बीच बीते दिन एक बार फिर उनका हॉट अवतार देखने को मिला। एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क सिटी में एक फोटोशूट के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको इंप्रेस करती नजर आईं। लुक की बात करें तो सुपरमॉडल का ऑफ व्हाइट शर्ट के साथ ओपन लैदर जैकेट और ब्लैक पैंट बॉस लेडी लुक देखने को मिला। इस लुक को उन्होंने ट्रांसपेरेंट शेड्स, कानों में बालियां और खुले बालों से कंप्लीट किया और बगल में ब्लैक पर्स कैरी किया।



# अभिनेत्री श्रिया बनीं टॉप ऑफ द टाउन...

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी ने 'सालार' में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों को इंप्रेस कर दिया है। मूवी में उन्होंने 'राधा रामा' का रोल प्ले किया है और स्क्रीन पर एक्ट्रेस को देखकर लोग उनके दीवाने हो गए हैं। 17 साल बाद श्रिया ने 'सालार' से टॉलीवुड में वापसी की है और अपने शानदार कमबैक से मूवी लवर्स को अपना मुरीद कर दिया है। वहीं, एक्ट्रेस भी फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील की आभारी हैं कि उन्होंने 'राधा रामा' के किरदार के लिए उन्हें चुना है। सालार में 'राधा रामा' के किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी के जन्म के बाद फिल्मी पर्दे से लंबे समय से दूरी बनाकर रखी हुई थी। गौरतलब है कि श्रिया पूर्व इंडियन क्रिकेटर भरत रेड्डी की बेटी हैं।




# '12वीं फेल' अब ओटीटी पर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन शानदार रहा। दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं थिएटर्स में धमाल मचाने के बाद अब 12वीं फेल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 29 दिसंबर को स्ट्रीम होगी। विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने उम्मीद से ज्यादा कमाई कर सभी को हैरान कर दिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 62 करोड़ कमाए थे। इस फिल्म को देखने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की एक्टिंग का मुरीद हो गया था। फिल्म में उन्होंने मनोज कुमार शर्मा की भूमिका निभाई है।

# प्रियंका की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में हुईं भर्ती...

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस फेस प्रियंका चैहर चौधरी के फैंस को चिंता में डालने वाली एक खबर सामने आई है। एक्ट्रेस की अचानक तबीयत खराब हो गई है और वह अस्पताल में भर्ती हैं। इस बात की जानकारी प्रियंका के दोस्त कमल दादिल्ला ने दी है




और साथ ही उनकी अस्पताल से एक तस्वीर भी शेयर की है। टीवी शो उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी के साथ काम कर चुकीं कमल दादिल्ला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की एक फोटो शेयर की, जिसमें उनके हाथ में ड्रिप्स लगीं नजर आईं। इस फोटो के साथ दोस्त ने कैप्शन में लिखा, जल्दी ठीक हो जाओ। दोबारा हमारी बबली गर्ल बन जाइए। वहीं,एक इंटरव्यू में प्रियंका चाहर चौधरी की दोस्त कमल ने उनका हेल्थ अपडेट देते हुए कहा, एक महीने से प्रियंका का ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे हो रहा था। उन्हें बहुत जल्दी थकान हो रही थी। उनके साथ चीजें ठीक नहीं हो रही थीं। उन्हें बहुत जल्दी बुखार भी चढ़ जा रहा था। इस वजह से आज वह अस्पताल में भर्ती हुईं। उनके कई टेस्ट हुए हैं और भगवान की कृपा से सबकुछ ठीक है। इस खबर के बाद प्रियंका चाहर चौधरी के फैंस काफी चिंतित हो गए हैं और एक्ट्रेस की अच्छी सेहत के लिए दुआएं कर रहे हैं।

# सात साल का सफर रहा उतार चढ़ाव से भरा : फातिमा शेख



**मुंबई।** स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख फिल्म की रिलीज के सात साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। इसमें फातिमा ने पहलवान गीता फोगाट की भूमिका निभाई थी। यह महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों गीता और बबीता पर आधारित एक बायोपिक है। यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई मनोरंजन नहीं थी, इसमें वास्तविक जीवन की कुश्ती चैंपियन की कहानी दिखाई गई थी, जिसका किरदार फातिमा ने निभाया था। फातिमा ने अपनी यात्रा पर विचार करते हुए कहा, दंगल को सात साल हो गए हैं, एक ऐसी फिल्म जिसने सिनेमा में मेरी शुरुआत की और मुझे खुशियों से भरी यादें दीं। दंगल से लेकर 'धक धक' तक मेरा फिल्मी करियर खुशी, आंसुओं और दुख के साथ भावनाओं का उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। उन्होंने आगे कहा, गीता फोगाट हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेंगी और इस किरदार को मिले सभी प्यार के लिए मैं आभारी हूं। उनका किरदार निभाने के सात साल के नाम, दंगल परिवार के नाम, जिसने इसे संभव बनाया और इस अद्भुत फिल्म के जादू के नाम।

# अरबाज करेंगे मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी



**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी करेंगे। खबरों के मुताबिक अरबाज खान की पत्नी शूरा रविना टंडन और राशा थदानी की मेकअप आर्टिस्ट हैं। खबरों के मुताबिक, अरबाज अपनी सिस्टर अर्पिता के घर पर शादी करेंगे और केवल कुछ लोग और कुछ करीबी लोग अपनी शादी में शामिल होंगे। इस बीच, अरबाज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, वीडियो में, पपराजी ने अरबाज की शादी की तारीख से पूछा कि 'शादी में कब आना है?' अरबाज ने पपराजी को चुप रहने के लिए कहा। बता दें कि शूरा खान से पहले, अरबाज मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में थे, दोनों का हाल ही में ब्रेकअप हुआ है। जॉर्जिया ने अपने ब्रेकअप के बारे में एक साक्षात्कार में भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह अभी भी अच्छे दोस्त हैं, लेकिन रिश्ते में एक साथ नहीं रहना चाहते हैं। अरबाज और मलाइका का 2017 में तलाक हो गया था।



# ट्रोलर के निशाने पर आई कृर्ति

**मुंबई।** एक्ट्रेस कृर्ति सेनन का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें अदाकारा डरते-डरते गाय को छूते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो को लेकर अब कृर्ति सेनन को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कृर्ति सेनन के इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह अपने जिम सेशन से बाहर आईं और वहां उनकी कार के पास एक गाय और भारी लोगों की भीड़ मौजूद है। इस दौरान कृर्ति गाय के मस्तिक पर टच कर आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। लेकिन वह गाय को छूने में काफी डरती हुईं दिखाई दे रही हैं। बस इसी मसले को लेकर अब कृर्ति सेनन को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। लेटेस्ट वीडियो को लेकर कृर्ति सेनन ट्रोल्र्स के निशाने पर आ गई हैं। गाय को छूने वाले कृर्ति के लेटेस्ट वीडियो को लेकर नेटिजंस ने अपनी भड़ास वीडियो पर कमेंट कर के निकाली है। एक यूजर ने लिखा है- गाय को छूने में इतना डर लग रहा है कुत्ते को छूने में नहीं, हद है सनातन के नाम पर धब्बा।

# नए साल में इन फिल्मों की रहेगी धूम


***मुंबई।** जिस तरह साल 2023 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहतर रहा उसी तरह साल 2024 से भी यही उम्मीद की जा रही है। अब रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की 'फाइटर' जैसी फिल्मों के अलावा और भी बड़े बैनर की मूवी बनकर तैयार हैं, जो जनवरी 2024 में रिलीज होने की लिस्ट में लगी हुई हैं।*

### 12 जनवरी को रिलीज होगी 'कल्कि 2898'

इस साल की शुरूआत दीपिका पादुकोण की फिल्म 'कल्कि 2898' से हो रही है। ये मूवी 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दीपिका के अलावा प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी हैं। 2023 तो दीपिका के लिए बहुत लकी रहा लेकिन देखने वाली बात है कि 2024 की शुरूआत उनके लिए कैसी रहती है।

### 'मेरी क्रिसमस'

इस लिस्ट में अगली फिल्म है मेरी क्रिसमस जिसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति हैं। कैट की ये फिल्म दो भाषाओं में रिलीज होने को तैयार है, जो 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।




### लाल सलाम

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' भी साल 2024 में रिलीज होने को तैयार है। ये एक तमिल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म, जिसका फैंस को इंतजार है। आपको बता दें कि ये भी 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### 'गुंटूर करम'

महेश बाबू की अपकमिंग फिल्म, 'गुंटूर करम'एक एक्शन एंटरटेनर है, जो त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित है। टॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्मों में से एक मूवी 13 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों के अनुसार मूवी का ट्रेलर 1 जनवरी को आएगा, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं।

### फाइटर

नए साल के पहले महीने के अंत में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर रिलीज होने वाली है। ये मूवी 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म हवाई एक्शन ड्रामा भारत का पहला हवाई एक्शन है, जो सभी के लिए रोचक होने वाली है।

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने अब एडि. डीजी स्तर के अफसरों को सौंपी संभागों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्य शासन ने प्रशासनिक कसावट के लिए प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिवों को संभागवार जवाबदारी दी थी। अब प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं पुलिस की समीक्षा तथा बैठकों के प्रभावी पर्यवेक्षण आदि के लिए 10 अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों (एडि. डीजी) को संभागवार प्रभारी अधिकारी नामांकित किया है। यह सभी अधिकारी संभागीय स्तर पर मुख्यमंत्री की ओर से ली जा रही बैठकों में कानून व्यवस्था एवं पुलिस के निर्देशों का पालन कराएंगे।

राज्य शासन की प्रशासनिक कसावट के लिए कवायद | प्रदेश की कानून व्यवस्था, समीक्षा और बैठकों के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए अफसर नामांकित

### विषय डीजीपी के संज्ञान में लाकर कराएंगे निराकरण

*गृह विभाग से जारी निर्देश के अनुसार, यह अधिकारी जिलों में यदि कोई विशेष पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं के समन्वय से संबंधित है, जो इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से परस्पर समन्वय स्थापित कराकर उसका निराकरण कराएंगे। इसके लिए सभी 10 संभागों में 10 एडीजी की तैनाती की गई है, जो संभागीय स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बैठकों में दिए निर्देशों का पालन कराएंगे। अफसरों की यह भी जिम्मेदारी होगी कि यदि जिलों में कोई विषय आएगा, जिसमें पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं में समन्वय की जरूरत होगी, उस संबंध में पुलिस मुख्यालय से समन्वय कर डीजीपी के संज्ञान में ऐसे तथ्यों को लाएंगे और उसका निराकरण कराएंगे।*

### निगरानीशुदा बदमाशों की बेल भी निरस्त करने के निर्देश

*कानून व्यवस्था के लिए दो माह में काम से कम एक बार संभाग में अफसर दौरा करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी समीक्षा करनी होगी। कानून व्यवस्था, त्यौहार आयोजनों के दौरान पुलिस व्यवस्था की अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निगरानीशुदा बदमाशों की बेल भी निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।*

### इन अफसरों को दी गई जिम्मेदारी

- एडि. डीजी विजय कटारिया- भोपाल संभाग
- आलोक रंजन- नर्मदापुरम संभाग
- प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव- ग्वालियर संभाग
- योगेश मुद्गल- शहडोल संभाग
- पवन श्रीवास्तव- चंबल ग्वालियर संभाग
- अनिल कुमार- रीवा संभाग
- संजीव शर्मा- सागर संभाग
- चंचल शेखर - जबलपुर संभाग
- जयदीप प्रसाद- इंदौर संभाग
- योगेश देशमुख- उज्जैन संभाग

पंचक्रोशी की तर्ज पर पूर्णिमा में भी यात्रा निकलेगी

# सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान होगा तैयार



◆ *महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं को कम समय में सुलभ दर्शन व्यवस्था की कार्य योजना बनेगी*

◆ *जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के पग पड़े, वह स्थान धार्मिक क्षेत्र के रूप में विकसित होंगे*

## जिले की पुरातत्व महत्व की सम्पत्तियों का रिनोवेशन प्राथमिकता से किया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में शहर विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में शहर विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए अभी से उज्जैन शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान जिला प्रशासन तैयार करें। यह प्रयास करें कि श्रद्धालु कम से कम समय में महाकाल मंदिर पहुंच जाएं, उन्हें अनावश्यक रूप से दो-तीन किमी न चलना पड़े।

सीएम ने कहा कि प्रशासन यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को तिरूपति बालाजी मन्दिर की तरह महाकाल मन्दिर में कम समय में दर्शन हो जाए। एक टीम तिरूपति बालाजी मन्दिर जाकर वहां की व्यवस्था का अवलोकन कर कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के पग पड़े हैं, उन स्थानों को धार्मिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

### नारायणाधाम तीर्थधाम के रूप में विकसित होगा

नारायणाधाम को तीर्थधाम के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंचक्रोशी यात्रा की तर्ज पर पूर्णिमा पर भी परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। परिक्रमा यात्रा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह प्रयास किया जाएगा कि वृंदावन परिक्रमा की तर्ज पर महाकाल दर्शन के बाद श्रद्धालु चिन्तामन गणेश मन्दिर, हरसिद्धि मन्दिर, कालभैरव मन्दिर, मंगलनाथ मन्दिर, सान्दीपनि आश्रम दर्शन के बाद पुनः महाकाल मन्दिर आएं। पंचक्रोशी मार्ग पर स्थाई पड़ाव बनाने के लिए अधोसंरचात्मक कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिले की समस्त पुरातात्विक महत्व की सम्पत्तियों का रिनोवेशन प्राथमिकता से किया जाएगा। उज्जैन में कोठी पैलेस, होटल एवं महाराजवाड़ा को नया स्वरूप प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा शहर की सड़कों के विकास के लिए बेहतर कार्य योजना बनाए जिसमें सभी विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

### विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए:डॉ.यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न हो। शहर के विकास के कार्य बेहतर हो, यह सुनिश्चित किया जाए। अच्छे काम करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा और लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शहर के प्रमुख चौराहों का सौन्दर्यीकरण करने एवं महामृत्युंजय द्वार के आसपास विकास कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने चामुण्डा माता मन्दिर चौराहा को हरिफाटक ब्रिज तक एलिवेटेड कॉरिडोर विकास के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नीलकंठ वन मार्ग पर पार्किंग की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए आवश्यक उपाय किए जाए। यादव ने कहा कि महाकाल आने वाले श्रद्धालु 5 मिनट में बाबा महाकाल के दर्शन कर लें। इसकी माइक्रो प्लानिंग जिला प्रशासन करें।*

### मांस-मछली विक्रेता को बैठने के लिए निश्चित स्थान हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि मांस-मछली विक्रेताओं को बैठने के लिए एक निश्चित स्थान उपलब्ध कराया जाए। खुले में मांस-मछली बेचने वालों के विरूद्ध अभियान निरंतर जारी रहे।

### विधायक एसडीएम के साथ बैठकर प्लानिंग करेंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायकों से कहा कि वे एसडीएम के साथ बैठकर सड़क एवं विकास के कार्यों की प्लानिंग करें। मुख्यमंत्री ने एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को निर्देश दिए कि वे उज्जैन संभाग में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा निरन्तर करते रहें। समीक्षा बैठक में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, जितेन्द्र पंड्या, दिनेश जैन बोस, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति कलावती यादव, यूडीए अध्यक्ष श्याम बंसल समेत विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में श्रमदान कर दिलाई स्वच्छता की शपथ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटे से छोटे काम को बड़ा महत्व दिया। उन्होंने पूरे देश में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर इसे अभियान के रूप में आगे बढ़ाया। स्वच्छता में इन्दौर प्रथम पायदान पर है। प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में हमारे देश का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन प्रवास के दौरान भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी स्मृति अनुभूति उद्यान परिसर में स्वच्छता अभियान को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने परिसर में त्रिवेणी रोपी। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर में स्वच्छता अभियान अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है जो सराहनीय है।



### सीएम ने वाजपेयी स्मृति अनुभूति उद्यान में किया पौधरोपण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्य सेवक के नाते जो मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली है, उस जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सबके समन्वय से विकास का काम करेंगे। प्रदेश एवं देश के साथ उज्जैन के विकास का काम आगे बढ़े, इसमें हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। विकास के साथ प्रदेश में चल रही योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास संबंधी सुझाव और शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सब मिलकर समन्वय से विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री का अनुभूति उद्यान पहुंचने पर महापौर मुकेश टटवाल एवं नगर निगम सभापति कलावती यादव आदि ने पुष्पहारों से स्वागत किया। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला व एमआईसी सदस्य आदि उपस्थित थे।*

दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री साय

# छत्तीसगढ़ के करीब 12 लाख किसानों को आज दो साल का मिलेगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, दिल्ली में हमने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। उन्होंने समृद्ध और भयमुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में हमें पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

दिल्ली से रायपुर लौटे सीएम साय ने एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ के विकास के लिए यह सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार है। अब यहां राज्य के विकास के लिए संसाधन की कमी नहीं होगी। भरपूर सहयोग केंद्र से मिलेगा।


### मोदी की गारंटी में भाजपा का वादा: साय

धान के बोनस पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, मोदी की गारंटी में भाजपा का वादा था कि छत्तीसगढ़ के करीब 12 लाख किसानों को दो साल का बोनस देंगे। आप लोगों को बताते हुए यह गौरव हो रहा है कि 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर छत्तीसगढ़ के करीब 12 लाख किसानों के खाते में दो साल का बोनस भेजा जाएगा।

प्रदेश में लगातार हो रही नक्सली घटनाओं के सवाल पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नक्सल समस्या को लेकर बातचीत हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने आश्वस्त किया है कि मजबूती के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।

# छत्तीसगढ़: डब्बा कुन्ना में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा डीआरजी और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई। दरभा डिवीजन क्षेत्र के नक्सलियों के साथ दंतेवाड़ा के लड़ाके डीआरजी के जवानों के साथ चली गोलीबारी, कुन्ना-डब्बा क्षेत्र दंतेवाड़ा और सुकमा जिले का सरहदी क्षेत्र है। जगदीश जैसे हार्डकोर नक्सलियों का गढ़ है कुन्ना,डब्बा।

दंतेवाड़ा से रविवार दोपहर नक्सलियों की सूचना पर दंतेवाड़ा से बड़ी संख्या में डीआरजी जवानों को रवाना किया गया है, जहां शाम होते होते नक्सलियों और जवानों के बीच आमना सामना हुआ है। नक्सलियों को कितना नुकशान हुआ है इसकी जानकारी जंगलों से बाहर निकल कर नहीं आई है, दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के निगरानी में पूरा ऑपरेशन नक्सल गढ़ में चलाया जा रहा है।

# फिर मोदी बनेंगे पीएम, विभागों का आवंटन सीएम का अधिकार: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दिल्ली से रायपुर लौटने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, सरकार गठन के बाद पहली बार दिल्ली जाना हुआ और राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई, यह सौजन्य भेंट थी। प्रदेश से संबंधित अनेक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई है। मीडिया से चर्चा के दौरान डिप्टी सीएम साव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने के उत्साह में देश का विरोध करने से भी गुरेज नहीं कर रही है। देश की जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी और 2024 में एक बार फिर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाएंगी।

### समझ नहीं पा रही कांग्रेस

सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर साव ने कहा, यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। आज जो कांग्रेस के हालात हैं, ऐसे में पार्टी समझ नहीं पा रही है कि किसे प्रभार दिया जाए और किसे हटाए। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों के बंटवारे पर डिप्टी सीएम साव ने कहा, मंत्रिमंडल का गठन और विभागों का आवंटन मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है।

घोषणा के परिपालन में 100 दिनों की कार्ययोजना पर काम शुरू

# पहले तीन माह घोषणाओं पर काम जरूरी, योजनाओं में हितग्राहियों की पात्रता को ध्यान में रख बनाए सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकार की घोषणा के परिपालन में 100 दिनों की कार्ययोजना पर काम शुरू हो चुका है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शनिवार को विभागों के सचिवों की उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि पहले तीन महीने महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए ध्यान रहे कि विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों की पात्रता को ध्यान में रखते हुए सूची तैयार हो।

वहीं, कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न हो। विभिन्न विभागों को लक्ष्य के मुताबिक कार्य करना होगा। बैठक के दौरान राज्य सरकार के घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन और परिपालन के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई।





### कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने बैठक में घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए बजट और नान बजट के कार्यों को शीघ्र पूरा करने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के सचिवों को कहा कि घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए बजट में ठोस प्रविधान बनाएं जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास सुब्रत साहू, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणुजी पिल्ले, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डा. कमलप्रीत सिंह, लोक निर्माण उद्योग एवं महिला बाल विकास के सचिव भुवनेश यादव, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट अभी नहीं होगा पारित

# वित्त विभाग ने अगले वित्तीय वर्ष के लेखानुदान के लिए विभागों से चर्चा शुरू करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता फरवरी के अंतिम सप्ताह में या मार्च के पहले सप्ताह में प्रभावी हो सकती है। ऐसे में वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट अभी पारित नहीं होगा। इसके बजाय इस वर्ष 2023-24 के अंतिम तीन महीने तथा अगले वित्त वर्ष के प्रथम तिमाही के लिए अनुपूरक व लेखानुदान पारित कराया जाएगा। संचालक बजट बक्की कार्तिकेयन ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

आदेश के अनुसार राज्य सरकार अगले वित्तीय वर्ष का बजट जुलाई में लाएगी। इसके पहले शुरुआती चार महीने अप्रैल, मई, जून व जुलाई तक के राज्य सरकार के खर्च के इंतजाम के लिए लेखानुदान लाया जाएगा। इसमें सभी विभागों तथा जरूरी होने पर वित्त विभाग के अफसरों के साथ चर्चा करने के लिए कहा गया है।

### अनिवार्य और स्थापना संबंधी खर्च के सटीक आकलन का काम होगा

*वित्त विभाग से जारी निर्देश के मुताबिक 2023-24 के पुनरीक्षित अनुमान और वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान और लेखानुदान (अप्रैल 2024 से जुलाई 2024) के आंकड़े आईएफएमआईएस के बजट मॉड्यूल में देना है। इसमें प्राप्त होने वाले राजस्व और होने वाले खर्च दोनों के लिए पुनरीक्षित अनुमान और बजट अनुमान के आंकड़े बीसीओ स्तर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग ने कहा कि लेखानुदान पहले चार माह के लिए केवल जरूरी खर्च के लिए ही लाया जा रहा है। इसमें यह भी कहा गया है कि विभाग के विभागाध्यक्ष, बजट नियंत्रण अधिकारी और वित्तीय सलाहकार बजट प्रस्तावों के लिए उत्तरदायी होंगे। विशेष तौर पर अनिवार्य और स्थापना संबंधी खर्च के सटीक आकलन का काम करना होगा।*

राज्यपाल ने रीवा में मेडिकल कॉलेज के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया

# डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा-रीवा शिक्षा और मेडिकल सुविधा का बनेगा हब

## राज्यपाल ने उत्कृष्ट चिकित्सा विद्यार्थियों को पदक देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने मेडिकल कॉलेज में पिछले दो वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा पवित्र व्यवसाय है। चिकित्सक सेवाभाव से ऐसा उपचार करें, जिससे रोगी को स्वास्थ्य लाभ के साथ संतोष भी मिले। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के कई विद्यार्थियों ने देश ही नहीं विदेश में नाम कमाया है।



### राज्यपाल ने महाविद्यालय के अकादमिक भवन का किया लोकार्पण

राज्यपाल पटेल ने श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में 66.80 करोड़ रुपए से निर्मित अकादमिक भवन का लोकार्पण किया। इसमें प्रशासनिक भवन सहित 100 सीटर इन्टर्न कन्या छात्रावास, 100 सीटर इन्टर्न बालक छात्रावास तथा 250 सीटर यूजी कन्या छात्रावास का निर्माण कराया गया है। राज्यपाल तथा उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में स्मारिका का विमोचन भी किया।

### मेडिकल कॉलेज 50 सीटों से बढ़कर 150 सीटों का हुआ

*उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। मेडिकल कॉलेज 50 सीटों से बढ़कर 150 सीटों का हो गया है। मेडिकल कॉलेज में पोस्ट-ग्रेजुएट में भी 100 से अधिक सीटें हो गई हैं। रीवा में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना से चिकित्सा के क्षेत्र में रीवा की छवि बदली है। रीवा को मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में हब के रूप में विकसित करेंगे। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लस्टी लगातार हो रही है। यहां किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होने वाली है। इस अस्पताल को 400 बिस्तरीय बनाने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर हो गए हैं। चिकित्सकों तथा चिकित्साकर्मियों के आवास के लिए 3 आठ मंजिला टॉवर बनाए जाएंगे। रीवा में मार्च तक एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू हो जाएगीउप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में मार्च तक एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। चिकित्सकों को रीवा आने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। फोरलेन सड़कें और रेलवे का भी तेजी से विकास हुआ है। विन्ध्य क्षेत्र में अपार खनिज संपदा और पर्यटन की संभावनाएं हैं। रीवा पर्यटन, उद्योग और कृषि में बड़ी तेजी से विकास करेगा।*

# एजुकेशन हब के रूप में विकसित होगा बिलासपुर: अमर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में शनिवार को त्रि-दिवसीय कुलउत्सव 2023 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने इस खास मौके पर कहा कि बिलासपुर एजुकेशन हब के रूप में विकसित होगा। यथासंभव सार्थक प्रयास करेंगे। यह विश्वविद्यालय विकसित भारत के सपनों को पूरा करेगा। त्रि-दिवसीय कुलउत्सव के शुभारंभ अवसर पर 2023 का शुभारंभ हुआ।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्याभारती नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमके. वर्मा, महात्मा गांधी वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुरील उपस्थित थे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री व नगर विधायक अमर अग्रवाल ने किया। अग्रवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अविलंब छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने पर बल दिया।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन हो

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ और अधिक मुखर होने की जरूरत है। पुंछ और राजौरी सेक्टर में इन दिनों आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से आतंकी वारदात में तेजी आई है। भारत सरकार लंबे समय से कश्मीर में 'ऑपरेशन क्लीन' चला रही है, जिसके चलते सैकड़ों आतंकी मारे भी गए हैं, आतंकी घटनाओं में भी कमी आई, इसके बावजूद कश्मीर अभी तक आतंकमुक्त नहीं हो सका है। इसके पीछे कारण पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट है। पाकिस्तान की फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई लगातार कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। ठंड के मौसम में पाक एस्टाब्लिशमेंट की कोशिश भारत में आतंकी घुसपैठ कराने की रहती है। वह हर बार ऐसा करती है। दिसंबर के महीने में एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ बढ़ जाती है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह मस्जिद में अजान पढ़ रहे थे। वह एक स्थानीय 'मुअज्जिन' थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। मस्जिद में आतंकी वारदात चिंता पैदा करती है। भारतीय खुफिया विभाग ने रिपोर्ट जारी कर सुरक्षा बलों को अलर्ट भी कर दिया है कि घाटी में पाक की ओर से आतंकियों की घुसपैठ बढ़ी है। 60 से 70 प्रशिक्षित आतंकी के घुसने का अनुमान है। भारतीय सुरक्षा बल सीमा पर हमेशा अलर्ट रहते हैं, लेकिन भौगोलिक स्थिति की वजह से आतंकी वारदात करने में सफल हो जाते हैं। आतंकी गुटों का एक पैटर्न है कि कश्मीर में जब हालात सामान्य होने लगते हैं, वे आतंकी हमले करने लगते हैं। हाल के वर्षों में आतंकियों ने जवानों व गैर कश्मीरियों को अधिक निशाना बनाया है, इसे रोकने की जरूरत है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। पाकिस्तान की माली हालत जैसी भी है, पर भारत के खिलाफ आतंकवाद उसकी नीति कभी बदलने वाली नहीं है, वह कश्मीर में आतंकवाद को शह देता रहेगा। भारत को इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाना होगा। कश्मीर में अगर तमाम कोशिशों के बावजूद आतंकवाद का खात्मा नहीं हो पा रहा है, तो आखिर जड़ का काटना ही होगा। भारत को कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ कठोर एक्शन लेते रहना होगा। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख व पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने बेशक कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब भी जीवित है और सेना या पुलिस के इस्तेमाल से इसका खात्मा नहीं किया जा सकता, बल्कि आतंकवाद के मूल कारण को समझने की जरूरत है। यह बात सुनने में सही लगती है, लेकिन आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र ने कूटनीति से लेकर सैन्य एक्शन तक कदम उठाए हैं। टेरर फंडिंग पर चाबुक चलाया गया है। दरअसल, जब तक सीमा पार से आतंकवाद प्रायोजित किया जाता रहेगा, कश्मीर में आतंकवाद को शह मिलता रहेगा। भारत को चाहिए कि कश्मीर में सर्च ऑपरेशन तेज करने के साथ ऑपरेशन क्लीन को भी तेज करे। इसी के साथ प्रायोजित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश देना होगा। भारत को कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए कूटनीति और विशेष सैन्य अभियान का संयुक्त प्रयास लगातार करते रहना होगा। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी है।

## जयंती

प्रभात झा



# युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी

25 दिसंबर 2023 है, यह अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती है। 25 दिसंबर 2024 को उनकी जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष होगा। हमें पूरा विश्वास है कि अटल जी के आदर्शों पर चलने वाले और वर्षों की जनसंघ और भाजपा के घोषणापत्र में लिखे वचनों को साकार करने वाले वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी जन्म शताब्दी की अद्भुत तैयारी की योजना बना चुके होंगे या बना रहे होंगे। यह अटल का सौभाग्य है कि आज उनके द्वारा प्रारंभ की गई विचारधारा को, चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो, एकात्म मानववाद के रूप में हो, या अंत्योदय के रूप में, इसे भारत की जमीन पर जूनून से उतारने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। जनता पार्टी की सरकार के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में अटल जी पहले भारतीय विदेश मंत्री थे जिन्होंने हिंदी में भाषण देकर पूरे विश्व को जहां चौंका दिया था, वहीं अपनी राष्ट्रभाषा को सम्मान प्रदान किया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक विश्व में 66 राष्ट्रों में गए और भारत की, भारत माता की और वहां बसे भारतीयों के बीच अपनी संस्कृति और राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण जिस तरह से किया उसे अटल को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि कहेंगे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की पहली सरकार 13 दिन की थी, दूसरी बार 13 महीने की थी। जब 13 महीने की सरकार गिर रही थी तब विपक्ष में बैठे लोगों ने ताने मारे थे कि अटल ने सत्ता के लिए धारा 370, राममंदिर निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, समान नागरिक संहिता जैसे अपने विचारधारा के विषय को भूलकर एनडीए से समझौता किया। प्रधानमंत्री के नाते अटलजी ने सदन में जवाब दिया था कि राष्ट्रपति द्वारा सबसे बड़े दल होने के नाते हमें सरकार बनाने के लिए बुलाया गया, तो हमने न्यूतम साझा कार्यक्रम बनाया था जिससे देश पर पुनः चुनाव का भार न पड़े और अच्छी सरकार दे सकें, लेकिन विपक्ष की ओर अटल ने कहा की एक बात समझ लीजिये, जिस दिन हम बहुमत में आएंगे, उस दिन न धारा 370, न राममंदिर, न तीन तलाक और न समान नागरिक संहिता को छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में भाजपा की अकेले दम पर केंद्र में बहुमत की सरकार बनवाई। 2019 में इतिहास रचा गया और दोबारा सरकार बनी। प्रधानमंत्री मोदी के कानों में अटल के वे वाक्य जो उनके द्वारा सदन में कहे गए थे और जनसंघ से लेकर भाजपा के घोषणापत्र में लगातार लिखे जा रहे थे, को पूरा करने का अवसर आया, उन्होंने तनिक भी देर नहीं की और अपने राजनीतिक पुरखों की लिखी और कही विचाराधारा की बातों को 140 करोड़ जनता के चरणों में समर्पित किया। अटलजी ने मुंबई में संपन्न हुए भाजपा के प्रथम सम्मेलन में कहा था 'अंधेरा हटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' आज उनके इस वाक्य को मोदी शब्दशः साकार करने में अनवरत देश के एक सेवक एवं कार्यकर्ता के रूप में सक्षमता से साकार कर रहे हैं। अटलजी को उनके राजनीतिक जीवन की यात्रा में किये गए अनथक प्रयत्न, उनकी उदारता, उनकी आत्मीयता और उनके द्वारा एक नहीं अनेक बार की कई भारत यात्रा में अपनी वाणी से जनसंघ के दीये के प्रकाश में और कमल पुष्प के सुगंध से पूरे भारतवर्ष में जनता को भाजपा को आकर्षित करने का प्रयास किया। अटलजी ग्वालियर स्थित शिंदे की छावनी के कमल सिंह बाग स्थित अपने पैतृक निवास के एक छोटे से पाटोर में पैदा हुए। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी आजादी से पूर्व उत्तर प्रदेश के बटेश्वर से ग्वालियर आकर सिंधिया स्टेट के दौरान एक स्कूल में शिक्षक की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अटल चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका संपर्क बाल्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक तीजारेजी से हुआ। वहीं से वे संघ के स्वयंसेवक बने। अंग्रेजों के जमाने में ग्वालियर में विक्टोरिया कॉलेज जिसका नाम आज महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय है, में वे पढ़ते थे। अटल जी को जिन शिक्षकों ने पढ़ाया था उनमें एक बहुत बड़े साहित्यकार डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी थे। अटल बिहारी वाजपेयी आज भले ही काया से हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन छाया से वे हम सबके बीच सदैव रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर और 25 दिसंबर उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस घोषित कर एक आदर्श जीवनशैली के राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सेवा का जहां सम्मान किया, वहीं राजघाट पर उनकी समाधि 'सदैव अटल' बनाकर हर भारतवासी की ओर से जो श्रद्धांजलि अर्पित की वह इतिहास में अमर हो गया। आज जो भी नागरिक व कार्यकर्ता दिल्ली आता है 'सदैव अटल' पर जरूर श्रद्धांजलि अर्पित करता है और अपनी विचारधारा के पुरोधा को प्रणाम करते हुए अभिभूत हो जाता है।

(लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'अटल सपने' साकार कर रहे मोदी



जयंती पर विशेष

कैप्टन अभिमन्यु

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है।

राजनीति में शुचिता और संकल्प के साथ सामान्य वस्त्रों में संत स्वरूप स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को याद किया जाता है। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आज 25 दिसंबर को जन्म जयंती पर विकसित भारत के सपने और अंत्योदय के संकल्प के साथ देश सेवक के रूप में सेवा कर रहे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में सुशासन को लेकर दूरगामी कदम उठा रहे हैं। देश के नागरिकों का विश्वास उनमें किस कदर है, हर बार होने वाले चुनाव और उसमें आने वाले परिणाम हर बार इस बात को साबित कर रहे हैं।

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। मात्र वादे और दावे नहीं, बल्कि 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायत में ब्रॉडबैंड और इंटरनेट की सुविधा साकार हो चुकी है। वित्तीय समावेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेएएम (जनधन, आधार व मोबाइल) की त्रिमूर्ति लागू की है, 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाएं तेज गति से लाभार्थियों को निर्बाध पहुंच रही हैं। आजादी के बाद पहली बार वाजपेई जी की सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए अलग से जनजातीय मामलों का मंत्रालय स्थापित किया, आयोग के गठन के बाद जनजाति समुदाय के लोगों में एक उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण आया है। नॉर्थ ईस्ट को गति देने के लिए विकास का इंजन बनाने को राष्ट्रीय बांस मिशन, एकलव्य विद्यालयों की संख्या में वृद्धि और आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाना तमाम अहम कदम सरकार उठा रही है। 'वोकल फॉर लोकल' जैसे स्लोगन नागरिकों के जीवन को बदलने में बेहद कारगर साबित हुए हैं। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अटल बिहारी वाजपेई ने सुरक्षा चक्र को और ज्यादा मजबूत करते हुए साफ कर दिया था कि भारत किसी भी दबाव में पीछे हटने वाला नहीं है। आज अटल जी के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सुरक्षा को लेकर ऐसे कदम उठाए हैं कि आतंकियों के हौसले पस्त हो गए हैं, आज भारत की तरफ नजर उठाने की हिम्मत किसी की नहीं है। अटल बिहारी वाजपेई एक दूरदर्शी नेता और भविष्य की जरूरत की पहचान करने वाले व्यक्ति थे, वर्ष 2001 में पूर्वी रूस में तेल और गैस क्षेत्र में 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करके 20% हिस्सेदारी हासिल कर ली थी, यह उस समय भारत का सबसे बड़ा विदेशी निवेश था, विदेशी निवेश के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षित करने के लिए



अटल जी ने जो कदम उठाए, आज प्रधानमंत्री मोदी भी भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में सड़क, रेल व हवाई यातायात के लिए मूलभूत ढांचा मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में भारतमाला जैसे प्रोजेक्ट के साथ पीएम गति शक्ति योजना और देश को बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में मजबूत करने की पहल अटल जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी वाजपेई जी के दृढ़संकल्प और इरादों को लेकर आज भी उनके बनाए विजन पर अमल कर रहे हैं। वर्ष 2003 का 91 संशोधन अधिनियम, जिसमें निर्धारित किया था कि मंत्री परिषद में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या कुल सदस्यों की संख्या के 15 फ़ीसदी से अधिक नहीं होगी, यह भी सुशासन की नींव मजबूत करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वाजपेई ने किसी भी वर्ग और क्षेत्र को छोड़ा नहीं, किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड 1998 में शुरू की थी। किसानों की जरूरत और चुनौतियों को समझते हुए बैंक ऋण, खेती, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, ईंधन तमाम बिंदुओं पर वाजपेई जी ने दूरदर्शी सोच के साथ ठोस नीति बनाई, यही कारण है कि आज केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाएं शुरू कर किसानों के जीवन को बदल दिया है। वाजपेई जी पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के महत्व को समझा और वहां बदलाव की बयार शुरू की, वे असल में श्रमिकों, किसानों और देश के सबसे पिछली पंक्ति के लोगों को आगे लाने के पक्षधर थे, यही कारण है कि मोदी सरकार ने 2020 में चार श्रम कोड की शुरुआत की, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आगे लाने के लिए यह अहम बदलाव है। वाजपेई अपने सरकार के दौरान भी गरीबों के कल्याण पर फोकस किया था, उन्होंने भविष्य के लिए एक लाइन तैयार की, जिसके आधार पर वर्तमान सरकार ने 'श्रमेव जयते' का नारा दिया। वाजपेई जी द्वारा दिखाए सपने को पूरा करने के लिए मोदी भारत को एक मजबूत दिशा की ओर लेकर जा रहे हैं।

पर्यावरण और जल संकट से निपटने को विवादों को समाप्त करने के लिए नदियों को जोड़ने की वकालत वाजपेई जी ने की थी, उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखने और तेल को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने की नीति को देखते हुए तेल भंडार निर्माण, स्वदेशी जैव ईंधन को बढ़ावा देने की शुरुआत की थी। मोदी सरकार इस दिशा में कई ठोस कदम उठाकर राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 लागू कर चुकी है, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत प्रदान की है। मोदी सरकार अटल जी की प्रेरणा से स्वच्छता की मुहिम और खुले में शौच की समस्या को देश से समाप्त करने में कामयाब हुई है, भारत की बदलती तस्वीर से पूरा विश्व प्रभावित है।

अटल जी ने 14 लाख स्वयं सहायता समूह के गठन की घोषणा की थी, महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कई नीतियां लागू करने की पहल की थी। वर्तमान मोदी सरकार भी नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लागू कर कर साफ कर दिया है कि वह अटल जी के दिखाए रास्तों पर ही आगे बढ़ रहे हैं। डेयरी सेक्टर को डीलाइसेंसिंग करने का श्रेय भी अटल बिहारी वाजपेई को जाता है, इससे दूध उत्पादक कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ी है, भारत 2018 तक विश्व का शीर्ष दूध उत्पादक देश बन गया और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता भी बढ़ी है। मोदी सरकार ने इस देश को वन नेशन वन राशन कार्ड की सुविधा प्रदान की है। वाजपेई जी भारतीय भाषाओं के प्रबल समर्थक थे, यही कारण है कि नरेंद्र मोदी सरकार नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दे रही है। इस प्रकार से मोदी सरकार अटल जी के सपनों को सच करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। उस पुण्य आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए रास्तों पर चलना ही है। आज अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता बन गए हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में लगे हैं।

(लेखक पूर्व वित्त मंत्री हरियाणा सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# जानिए क्या है आत्मा की अस्वस्थता के कारण?



संकलित

## दर्शन

हम लोगों के लिए पांच तरह का स्वास्थ्य जरूरी है। ये हैं शरीर, परिवार, समाज, मन और आत्मा का स्वास्थ्य। इनके अस्वस्थ रहने के कारण हैं- मोह, संशय, संदेह, शंका और भ्रम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उसे बहुत भोग न दिए जाएं। शरीर का महत्व समझ लेना चाहिए। ये बड़ा वरदान है ईश्वर का। बहुत बड़ा उपहार है। वह स्थूल रूप में स्वस्थ रहे, यह आवश्यक है। तथागत बुद्ध कहते है अष्टांग योग से शरीर स्वस्थ्य रहेगा। तन तंदुरुस्त रखने के लिए सम्यक आहार जरूरी है। बुद्ध कहते है सम्यक व्यायाम भी जरूरी है। तीसरा बुद्ध का नहीं, महर्षि रमण का सूत्र है, और वह है कम बोलना। आदमी जितना बोलता है, उतना शरीर दुर्बल होता है। जितना जरूरी है, उतना ही बोलना चाहिए। यानी, सम्यक बोला जाए, वरना शरीर अस्वस्थ होगा।असीम विहार, असीम व्यवहार, असीम आहार.. इससे शरीर बिगड़ता है। इनके अलावा जिन पांच से शरीर बिगड़ता है, वे हैं- दूसरों पर शंका, संदेह, संशय, मोह और भ्रम। ये सबके समापन की व्यवस्था मानस ने दी है- सदगुर मिलें जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ। आप कथा सुनते हैं, सत्संग करते हैं, मैं गाता हूं, ये सब अच्छा लगता है। हम सुख पा रहे हैं। यह सबका अनुभव है, लेकिन हम केवल इसी में गिरफ्तार न हो जाएं। हमारा परिवार के प्रति भी उत्तरदायित्व है। हम सुख पा रहे हैं तो उन्हें भी सुख दीजिए। परिवार में यदि कोई महारोग का भोग बन जाए तो हमारे शरीर पर भी असर होता है। *-मोरारी बापू*

# श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खेलेगा इंडिया तो आगे बढ़ेगा देश

हमारे देश में एक कहावत है कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो होंगे खराब। लेकिन आज बच्चों पर जिस तरह पढ़ाई का भार है और बच्चे जिस तरह मोबाइल, टीवी के मोह में फंसकर या कुछ लोग अपने बच्चों को मोबाइल और टीवी के जाल में फंसाकर बच्चों की सेहत के दुश्मन बन रहे हैं, उसके लिए जरूरी हो गया है कि बच्चों को खेल खेलने के लिए मैदान में भेजा जाए। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी जरूर भाग लेना चाहिए। हमें बच्चों को खेल के मैदान में उतारने की शपथ लेनी चाहिए।

*- सुरेश साहू, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### हमारी लड़कियों पर गर्व



हमारी लड़कियों पर गर्व है! ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट क्रिकेट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। आपने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचा है। आपको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। जीत हमेशा आपकी हो।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### राहत की सांस



मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम लागत को कम करने जा रहा है, उन लोगों के लिए जीवन बचाएगा जो नशीली दवाओं को छोड़ देते हैं क्योंकि वे उन्हें वहन नहीं कर सकते हैं, और लोगों को थोड़ी राहत की सांस लेने की जगह देता है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जीवन विचार से बड़ा



जीवन विचार से कहीं अधिक बड़ी घटना है। दुर्भाग्य से, मनुष्य अपने ही विचारों में बहुत अधिक उलझ गया है। इंसान को व्यर्थ के विचारों में न उलझकर जीवन को सफल बनाने के बारे में सोचना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### बच्चों को तैयार करें




अपने बच्चों को एक ऐसी यात्रा के लिए तैयार करें जिसमें न केवल सफलता बल्कि असफलताएँ भी शामिल हों। उन्हें न केवल उपलब्धि को संभालना सिखाएं, बल्कि असफलताओं से कैसे निपटें और अपनी गलतियों से सार्थक सबक कैसे प्राप्त करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# फारस की खाड़ी पर बयान को लेकर रूसी दूत तलब

फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर बयान को लेकर ईरान ने रूसी दूतावास के प्रभारी को तलब कर विरोध दर्ज कराया है। ईरान की मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस और अरब देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक संयुक्त बयान जारी कर फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर ईरान के दावे को चुनौती दी थी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि रूसी दूत को शनिवार को तलब कर मॉस्को को देने के लिए एक नोट सौंपा गया। इसमें तेहरान ने मोरक्को में जारी छठे अरब-रूसी सहयोग मंच के बयान का विरोध किया, जिसमें द्वीपों पर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया गया था। इरना ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि शनिवार को, ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने अपने रूसी समकक्ष से फोन पर बात की और कहा, 'अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करना बुनियादी सिद्धांतों में से एक है।' इस साल यह दूसरी बार है जब ईरान ने विवादित द्वीपों पर टिप्पणियों के विरोध में रूसी दूत को तलब किया है। तेहरान ने इसी तरह के एक बयान पर जुलाई में रूसी राजदूत को तलब किया था।



## ऑफ बीट

# आपकी बाधाओं को दूर कर सकती है एआई

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कई प्रणालियों में निहित मानवीय सीमाओं को दूर करते हुए, समाज के अधिकांश हिस्से को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। निर्णय लेने में सूचना और तार्किक बाधाएँ ऐसी ही एक सीमा है। परंपरागत रूप से, लोगों को जटिल विकल्पों को कुछ मुट्ठी भर विकल्पों में बदलने के लिए मजबूर किया जाता है जो उनकी वास्तविक इच्छाओं के अनुरूप नहीं होते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में उस सीमा को दूर करने की क्षमता है। और इसमें लोकतंत्र के कामकाज के तरीके में भारी बदलाव लाने की क्षमता है। एआई शोधकर्ता टैंटम कोलिन्स और एक सार्वजनिक-हित प्रौद्योगिकी विद्वान के तौर पर मैं, इसे एआई की 'हानिकारक बाधाओं' पर काबू पाने की क्षमता कहते हैं। हानिकारक सूचना सिद्धांत से लिया गया एक शब्द है जो अकुशल संचार चैनलों को संदर्भित करता है - यानी, ऐसे चैनल जो पूर्ण जानकारी नहीं रखते हैं। बहुविकल्पीय व्यावहारिकता अपने अगले रात्रिभोज की कल्पना करें और अपने भोजन के बारे में शेफ के साथ लंबी बातचीत करें। आप अपनी इच्छाओं, शेफ की क्षमताओं और उपलब्ध सामग्री के आधार पर एक विशेष रात्रिभोज का आनंद ले सकते हैं। यह तभी संभव है जब आप घर पर खाना बना रहे हों या दोस्तों के सहयोग से खाना बना रहे हों।



## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



## पीएम मोदी ने कार्यक्रम की सराहना की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को 'लोक्खो कंठे' कार्यक्रम में एक लाख लोगों द्वारा गीता का पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस कदम को सराहनीय बताया। गीता पाठ करने 'लोक्खो कंठे' गीतापाठ समिति, सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। भगवद गीता के छंदों का पाठ एक लाख लोगों के द्वारा एक साथ किया जाएगा। पीएम ने कोलकाता के परेड ग्राउंड में आयोजित 'लोक्खो कंठे गीता पाठ पर खुशी जाहिर की।

**सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देती है गीताः** पीएम ने कहा गीता हमारी सांस्कृतिक विरासत परंपराओं, गहन ज्ञान और दार्शनिक आध्यात्मिक ज्ञान का एक मिश्रण है, जिसमें सबको साथ लेकर चलने,सांस्कृतिक विविधता और सद्भाव अंतर्निहित है। स्वतंत्रता आंदोलन और अभी तक गीता एक सार्थक जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित करती है।

# यह सामाजिक सद्भाव और देश के विकास में भरेगा ऊर्जा

## कोलकाता के परेड ग्राउंड में 'लोक्खो कंठे' में करीब एक लाख लोगों का गीतापाठ का आयोजन

गीतापाठ समिति, सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद शामिल



### आधुनिक समय में भी गीता का ज्ञान प्रासंगिक

पीएम ने कहा गीता जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रेरक के रूप में भी कार्य करती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा,गीता द्वारा बताए मार्ग भारतीय विचार और संस्कृति के लिए सर्वोत्कृष्ट है। चाहे वह ज्ञान, भक्ति, कर्म या कोई अन्य मार्ग हो, गीता प्रगति प्राप्त करने कई अलग-अलग लेकिन अंततः जुड़े हुए मार्ग प्रदान करती है। दुनिया की वास्तविक प्रकृति, स्वयं और संपूर्ण ब्रह्मांड में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इससे सामाजिक सद्भाव बढ़ता है।



**पीएम ने खास संदेश भेजकर तारीफ की**

बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि 'भगवद गीता दुनिया को भारत का सबसे बड़ा तोहफा है। जो इस कार्यक्रम का मजाक बना रहे हैं, वे सम्मान नहीं करते। पीएम ने खास संदेश देकर तारीफ की है।

**300 से अधिक संत कार्यक्रम में शामिल**

कार्यक्रम में हिस्सा लेने दुनियाभर से 300 से अधिक संत पहुंचे। कार्यक्रम में लोगों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किया था।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान में जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार

**जयपुर।** राजस्थान में एक-दो दिनों के भीतर पहला मंत्रिमंडल विस्तार होने की संभावना है। भजनलाल



कैबिनेट में युवा और अनुभवी दोनों नेताओं को शामिल किया जाएगा।पहली बार विधायक बने शर्मा राजस्थान की सत्ता में काबिज हैं। इस माह की शुरुआत में भजनलाल ने मुख्यमंत्री पद और दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब कैबिनेट विस्तार की चर्चा है।

### रामपुर में यार्ड के पास उतरे मालगाड़ी के डिब्बे

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रेल मंडल के रामपुर स्टेशन पर मालगाड़ी ट्रेन



दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। हादसे के कारण अब तक 7 गाड़ियों के परिचालन प्रभावित होने की सूचना सामने आई है। मालगाड़ी के पहिए ट्रैक से उतरने की घटना रामपुर स्टेशन के यार्ड के पास हुई। अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### विजयन सरकार के 2 मंत्रियों का इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के परिवहन मंत्री एंटनी राजू और बंदरगाह मंत्री अहमद देवरकोविल ने मुख्यमंत्री



पिनराई विजयन को अपना इस्तीफा सौंपा। उनकी जगह अब केबी गणेश और कडन्नप्पल्ली रामाचंद्रन नए मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस इस्तीफे से मुख्यमंत्री विजयन पसोपेश में पड़ गए हैं।

### कांग्रेस विधायक सुनील विधानसभा से अयोग्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल ने शनिवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुनील केदार को



विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया। नागपुर की एक स्थानीय अदालत ने नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंकमें वित्तीय अनियमितताओं मामले में सुनील केदार को दोषी ठहराया है। विधानसभा सचिवालय ने कहा कि केदार की दोषसिद्धि के कारण अयोग्य घोषित किया जाता है।

### मराठा आरक्षणः शीर्ष कोर्ट ने क्यूरेटिव पिटीशन स्वीकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर



क्यूरेटिव पिटीशन को स्वीकार कर लिया। सीएम एकनाथ शिंदे ने इसे एक बड़ी राहत बताया और कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेगी। मराठा समुदाय ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की।

## डीएमके सांसद दयानिधि ने फिर दिया विवादित बयान, सियासी बवाल मचा

# हिंदी बोलने वाले तमिलनाडु में टॉयलेट साफ कर रहे, भाजपा ने गठबंधन पर उठाए सवाल



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग तमिलनाडु में आते हैं और यहां कंस्ट्रक्शन मजदूर या सड़कों और शौचालयों की सफाई का काम करते हैं। डीएमके सांसद की इस विवादित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसी पर बवाल मचा है

डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने हिंदी बोलने वाले लोगों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग तमिलनाडु में आते हैं और यहां कंस्ट्रक्शन मजदूर या सड़कों और शौचालयों की सफाई का काम करते हैं। डीएमके सांसद की इस विवादित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस क्लिप को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शेयर भी किया है। पूनावाला ने डीएमके सांसद दयानिधि के खिलाफ नहीं बोलने के लिए बिहार और यूपी के इंडिया गठबंधन नेताओं की आलोचना की है। वीडियो में दयानिधि को कहते हुए सुना जा सकता है कि जो लोग अंग्रेजी सीखकर यहां आते हैं, वो आईटी कंपनियों में अच्छी सैलरी पर काम करते हैं जबकि यूपी-बिहार से हिंदी बोलने वाले लोग जब यहां आते हैं, तो तमिल सीखकर कंस्ट्रक्शन मजदूर के तौर पर काम करते हैं। वे सड़कों और शौचालयों की सफाई करते हैं।

**बयान का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है**

**भाजपा ने गठबंधन के सहयोगियों से उनका रुख जानना चाहा**

### भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा पार्टी उन पर कब लेगी एक्शन?

**भाजपा प्रवक्ता शहजाद ने कहा** — आईएनडीआईए गठबंधन जाति, भाषा और धर्म के नाम पर देश को बांट रहा

पूनावाला ने इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया है कि वह जाति, भाषा और धर्म के नाम पर देश के लोगों को बांटने का काम कर रहा है। उन्होंने डीएमके सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए गठबंधन की आलोचना भी



की है। पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक बार फिर से बांटो और राज करो कार्ड को खेलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मारन के लिए इस्तेमाल की गई भाषा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

### गठबंधन में शामिल दलों को भी जवाब देना होगा

पूनावाला ने दयानिधि मारन की टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार के इंडिया गठबंधन की आलोचना की है और पूछा है कि आखिर वे इस मुद्दे पर शांत क्यों हैं? पूनावाला ने कहा कि क्या नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, लालू यादव, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और सभी नेता ये दिखावा करेंगे कि कुछ हो नहीं रहा है? ये लोग कब अपना स्टैंड लेंगे?' डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। उन्होंने उन सभी नेताओं का भी जिक्र किया है, जिन्होंने पहले हिंदी भाषा को लेकर बयान दिए हैं।


### गठबंधन में फिर पड़ी दरार

### सपा में असमंजस

इंडिया गठबंधन पर एक बार फिर से भाजपा हमलावर है। इस बार दयानिधि मारन के एक बयान के कारण इंडिया गठबंधन निशाने पर है। दयानिधि ने यूपी और बिहारियों के लेकर एक बड़ा बयान दे दिया, जिससे आरजेडी और समाजवादी पार्टी में असमंजस में है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दयानिधि कहते हैं कि जो लोग बिहार में केवल हिंदी पढ़ते हैं वे तमिलनाडु में घर बनाते हैं और शौचालय साफ करते हैं।

### आरजेडी ने भी की आलोचना

इस बयान पर मारन ने कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन डीएमके के सूत्रों ने दावा किया है कि यह एक पुराना वीडियो था जिसे भाजपा ने दोबारा प्रसारित किया है। डीएमके सूत्रों ने कहा कि बाढ़ राहत कोष की मांग को लेकर तमिलनाडु सरकार के साथ टकराव के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आलोचना से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने वीडियो को दोबारा प्रसारित किया है। तमिलनाडु में हिंदी थोपना एक भावनात्मक मुद्दा है और डीएमके दक्षिणी राज्य में हिंदी थोपने के कथित प्रयासों के खिलाफ आंदोलन में सबसे आगे रही है। मारन के वीडियो ने फिर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है, जिसकी बिहार में भाजपा और इंडिया गठबंधन की सहयोगी आरजेडी दोनों के नेताओं ने आलोचना की है।



**तेजस्वी ने कहा- यह निंदनीय है, इससे हम सहमत नहीं**

मारन के बयान पर बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि करुणानिधि की पार्टी डीएमके है। डीएमके सामाजिक न्याय में विश्वास रखती है। अगर उस पार्टी के किसी नेता ने यूपी और बिहार के लोगों के बारे में कुछ कहा है तो वो निंदनीय है। हम इससे सहमत नहीं हैं। पूरे देश में यूपी और बिहार के मजदूरों की मांग हो रही है।

## पूर्व एम्स निदेशक डॉ. गुलेरिया ने कहा

# नया वैरिएंट जेएन.1 ज्यादा खतरनाक और संक्रामक

## सभी वायरस को कवर करने वाली वैक्सीन जरूरी



**नई दिल्ली।** कोरोना ने एक बार फिर से दुनियाभर में दहशत पैदा कर दी है। लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों से लोगों की चिंता बढ़ गई है। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट जेएन .1 ने दस्तक दी है, जिसके मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत में सबसे ज्यादा बुरा हाल केरल का है, जहां सबसे ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। कोविड-19 के नए वैरिएंट जेएन.1 पर एम्स के पूर्व निदेशक और वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रणदीप गुलेरिया का बयान सामने आया है। हमें एक ऐसी वैक्सीन की जरूरत है, जो कोरोना वायरस के सभी वैरिएंट को कवर करे। यह ओमीक्रॉन का ही अंश है और शी से उत्पन्न हुआ है। ऐसे में जो टीका ओमीक्रॉन के लिए बनाया गया था वह नए वैरिएंट 1 के लिए भी प्रभावी होगा।

### इसमें संक्रमित करने की क्षमता काफी ज्यादा

डॉ. गुलेरिया ने कहा कि पहले हुए टीकाकरण से लोगों को सुरक्षा मिली है, ऐसे में हमें ये तय करना होगा कि क्या हमें नए टीके की जरूरत है, जो मौजूदा समय में फैल रहे वायरस को कवर कर उसे रोक सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वैरिएंट के रूप बदलते रहेंगे। इससे पहले डॉ. गुलेरिया ने कहा था कि जेएन.1 वैरिएंट को लेकर बताया था कि जेएन.1 में संक्रमित करने की क्षमता काफी ज्यादा है, साथ ही ये और भी नए संक्रमण को पैदा कर रहा है।

### केरल में फिर गई एक जान,महाराष्ट्र में भी अलर्ट

देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार कम नहीं हो रही है। देश में रविवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 656 नए मामले सामने आने के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या अब 3742 पहुंच गई है। नए केस में 128 तो अकेले केरल में पाए गए हैं। केरल में संक्रमण की वजह से एक मरीज की मौत भी हुई है।' संक्रमण को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार भी अलर्ट हो गई है। केरल में कोरोना से एक और मौत के बाद राज्य में कोरोना से होने वाली कुल मौत का आंकड़ा 72063 पहुंच गया है। राज्य में 24 घंटे में 296 लोग ठीक भी हुए हैं। मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया था कि डरें नहीं सतर्क रहें।

**जरूरत की खबर**



## पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना

# 18 क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को रियायती ब्याज पर मिलेगी राशि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार की तरफ से 5 फीसदी रियायती ब्याज की दर से 3 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में एक लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपएका प्रावधान है। कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 का दैनिक भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण से जुड़े उपकरणों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपए का अनुदान देने की सुविधा है।

### योजना के लाभ के लिए पंजीकरण जरूरी

इस योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, ताला



बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, /जूता बनाने वाले कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

**18 वर्ष अधिक आयु वाले व्यक्ति ही योजना के पात्र**

इस योजना का लाभ लेने के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार या व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना के अंतर्गत ऋण न लिया हो। योजना के तहत परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा।

## दिल्ली में अस्पताल की महिलाकर्मी का आरोप

### अफसरों ने बुलाया फिर किया यौन उत्पीड़न

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अस्पताल में एक महिला के साथ यौन उत्पीड़न की घटना सामने आई है। इस संबंध में दिल्ली महिला आयोग ने शनिवार को कहा कि एक महिला ने आरोप लगाया है कि बुराड़ी स्थित सरकारी अस्पताल में उसके कार्यस्थल पर दो अधिकारियों ने उसका यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसे धमकी भी दी गई। महिला की शिकायत के बाद डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस और अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को नोटिस जारी कर एफआईआर और कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।महिला ने दावा किया है कि उसने कथित घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

## श्री राममंदिर की नवीन तस्वीर



अयोध्या। अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम जन्मभूमि मंदिर की नवीन तस्वीर सामने आई।

## चंपत राय ने राम मंदिर के निर्माण की जानकारी साझा की

# 1000 साल होगी 'गुणवत्तापूर्ण' राम मंदिर की आयु

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं। फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा और साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे,अयोध्या श्रीराम का जन्म स्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती।

अयोध्या महोत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है। हिंदुस्तान के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आयु 1000 साल की होगी। इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है। अयोध्या में 3000 से अधिक राम मंदिर हैं। फिर भी निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा और साधु संत राम मंदिर के लिए लड़ाई लड़ते रहे क्योंकि अयोध्या भगवान श्रीराम का जन्म स्थान है और जन्मस्थान की अदला-बदली नहीं हो सकती।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने इसे हिंदुस्तान का सम्मान बताया

**खास बातें**

- राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है
- करीब 10 करोड़ लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए दान किया है



### राम मंदिर राष्ट्र का और सम्मान का मंदिर है

उन्होंने कहा कि राम मंदिर राष्ट्र का मंदिर है। राष्ट्र के सम्मान का मंदिर है। 10 करोड़ लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए योगदान दिया है। राम मंदिर करोड़ो लोगों के परिश्रम से निर्मित हो रहा है। राम मंदिर की आयु 1000 साल बनाने की कोशिश की गई है।

### जमीन में 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई

चंपत राय ने बताया कि जमीन में ऊपर कंक्रीट नहीं है। जमीन के नीचे लोहे का तार नहीं है। 14 मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई गई है। सीमेंट का प्रयोग मात्र 2.5 प्रतिशत तक किया गया है। अब तक 21 लाख क्यूबिक पत्थर लग चुके हैं। हमने किसी विदेशी कंसल्टेंट की मदद नहीं ली है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर स्वतंत्र भारत की अद्भुत इंजीनियरिंग की रचना है।

## 'विकसित भारत संकल्प' में बोलीं दिया कुमारी

# मोदी के नेतृत्व में देश ने तरक्की के कई नए आयाम स्थापित किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ जयपुर



राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुईं। ये यात्राएं यहां सीकर रोड स्थित सन एंड मून और दादी का फाटक पर आयोजित की गई। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के चेक वितरित किए। यहां उन्होंने कहा कि विगत नौ वर्षों की विकास यात्रा से देश ने तरक्की के नए आयाम स्थापित किए हैं। देश में आधारभूत संरचना तेजी से मजबूत हुई है और व्यापार करना आसान हुआ है। तकनीक के नए युग का सूत्रपात हुआ है तथा भारत वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरा है। यह सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है कि हम सभी साथ मिलकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के पथ पर कदम बढ़ा रहे हैं। वे हरि महल पैलेस में क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह और सांगानेर के एसएस जैन सुबोध स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन में अतिथि के तौर पर शामिल हुईं।

खबर संक्षेप

## दिवाला से जुड़े मामलों पर नजर रखें बैंक



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उनके फंसे कर्ज के प्रबंधन के संदर्भ में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता के 20 शीर्ष मामलों पर नजर रखने और उसकी समीक्षा करने को कहा। बैठक में फंसे कर्जों के निपटान के मकसद से दिवाला से जुड़े शीर्ष 20 मामलों की मासिक आधार पर समीक्षा करने को कहा।

## निप्पॉन लीकलेस को मिली विनिवेश की मंजूरी



**मुंबई।** वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी टीएससीएल के निदेशक मंडल ने निप्पॉन लीकलेस टॉलब्रोस संयुक्त उद्यम में अपनी पूरी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश को मंजूरी दी है। टीएसीएल ने बयान में कहा कि उसके हिस्सेदारी बेचने के बाद निप्पॉन लीकलेस के पास संयुक्त उद्यम कंपनी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

## एआईके पाइप्स का आईपीओ के लिए शेयर मूल्य तय



**नई दिल्ली।** पाइप बनाने वाली कंपनी एआईके पाइप्स एंड पॉलीमर्स ने 26 दिसंबर को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 89 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है। 28 दिसंबर को बंद होने वाले इस निर्गम में 16.88 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस निर्गम से कंपनी को 15.02 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

# गूगल के 30 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर संकट, हो चुकी 12 हजार की छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया भर में इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़ा क्रेज है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े एक नए इनोवेशन की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी गूगल में बड़ी छंटनी होने का अनुमान है। हाल में ही एक रिपोर्ट में बताया गया है कि नए एआई इनोवेशन की वजह से गूगल 30000 से अधिक स्टाफ की छंटनी कर सकती है।

- गूगल के ऐड सेल्स यूनिट से स्टाफ की छंटनी की जा सकती है

गूगल के ऐड सेल्स यूनिट से इन स्टाफ की छंटनी की जा सकती है। गूगल ने अपने ग्राहकों को एआई आधारित टूल की मदद से ऐड क्रिएट करना और सजेस्ट करना शुरू किया है, जिस वजह से इंसानों की जरूरत कम या खत्म हो गई है। अब तक गूगल में स्पेशलाइज्ड एम्पलाई गूगल सर्विसेज के लिए ऐड बेचते थे जो काम अब एआई करने जा रही है। दुनिया की दिग्गज कंपनी गूगल एड सेल्स यूनिट से 30000 लोगों की छंटनी कर सकती है।

### नए एआई इनोवेशन से अधिक स्टॉफ की गूगल छंटनी कर सकता है

#### ऐड सेल्स यूनिट में कई जॉब अब बेकार

हाल में ही सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ऐड सेल्स यूनिट में कई जॉब अब बेकार हो गई है क्योंकि गूगल ने नया आई आधारित टूल पेश कर दिया है जो ऑटोमेटिक तरीके से ऐड सजेस्ट करता है और नया ऐड क्रिएट कर देता है। यह ग्राहकों के लिए बेहतरीन विकल्प बनकर सामने आया है, इस पर एंप्लॉई को ध्यान देने की जरूरत भी नहीं है।




#### इतिहास का सबसे बड़ा लेआउट होगा

कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल किया है और एक रिपोर्ट के मुताबिक गूगल 30000 लोगों को काम से निकाल सकता है। गूगल ने इस साल की शुरुआत में 12000 स्टाफ को काम से निकाला था। कंपनी के इतिहास में यह सबसे बड़ी लेआउट एक्सरसाइज हो सकती है।

#### गूगल ऐड के लिए आईओ लांच

गूगल ने इससे पहले एआई पावर कैंपेन प्लानर लांच किया है। साल 2021 में कंपनी ने परफॉर्मेंस मैक्स लांच किया था। अब कंपनी ने गूगल ऐड के लिए आईओ लांच किया है जो एआई से लैस है। इस नए इनोवेशन की वजह से गूगल कस्टम एसेट क्रिएट कर सकता है और कुछ क्लिक में ही उसे बड़े पैमाने पर फैला सकता है। यूट्यूब, सर्च, डिस्प्ले, डिस्कवर, जीमेल और मैप्स जैसी सेवाओं में इस एआई इनोवेशन का यूज किया जा सकता है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा उद्योग

# रिकॉर्ड बिक्री के बाद वाहन उद्योग नए साल में तेजी बनाए रखने की तैयारी में जुटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में रिकॉर्डतोड़ बिक्री दर्ज करने वाला घरेलू वाहन उद्योग आने वाले साल में बिक्री वृद्धि नरम पड़ने की संभावना के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा हुआ है। अगले कुछ दिनों में खत्म होने वाले वर्ष 2023 में यात्री वाहनों की बिक्री के 40 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर जाने की उम्मीद है।

नए साल की शुरुआत में ही वाहन विनिर्माताओं ने अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी है। इसका असर वाहनों की बिक्री वृद्धि पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा कि गुजरते साल की तुलना में अगले साल बिक्री नरम पड़ने की संभावना है।

#### छोटे कारों में विशेष ध्यान देने की जरूरत

ऐसे में वाहन बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए छोटी कारों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।छोटी कारों की कुल वाहन बिक्री में हिस्सेदारी इस साल अप्रैल-अक्टूबर के दौरान करीब चार प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में यह अनुपात करीब 14 प्रतिशत था।



- यात्री वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 40 लाख के पार होने की उम्मीद
- विनिर्माताओं ने नए वर्ष में गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी
- नए साल में वाहनों की बिक्री वृद्धि कमजोर पड़ने की संभावना

#### वाहन उद्योग में चौतरफा वृद्धि होगी

भार्गव ने कहा, 'जहां तक मारुति सुजुकी का सवाल है तो हमें उद्योग जगत से अधिक वृद्धि करने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में भी सकारात्मक तेजी रहेगी।'वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अगले साल वाहन उद्योग के लिए बिक्री परिदृश्य सकारात्मक ही बने रहने की उम्मीद है।

#### वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में बदलाव आएगा

वाहन कलपुर्जा उत्पादकों के संगठन एक्मा के महानिदेशक विनी मेहता ने कहा कि भारत-एनकैप आने से सुरक्षा पर जोर बढ़ेगा और ईवी की तरफ ध्यान रहने से वाहन कलपुर्जा क्षेत्र को भी अपने उत्पादन में बदलाव करने होंगे।

*एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी 49 फीसगी होगी : हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'इस साल एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी करीब 49 प्रतिशत रहने का अनुमान है और हुंडई के मामले में यह अनुपात 60 प्रतिशत है। वर्ष 2024 में उद्योग की एसयूवी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक और कंपनी के लिए 60 प्रतिशत से आगे जाने की उम्मीद है।'*

#### ईवी खंड में रह सकती है मजबूती

मेनन ने अगले साल ईवी खंड के मजबूती हासिल करने की उम्मीद जताते हुए कहा कि कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़नी जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन के लिए लाई गई फेम योजना के अगले चरण के भी 2024 में लाने की उम्मीद जताई।

#### टाटा ईवी में नए उत्पाद पेश करेगी

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि कंपनी परंपरागत इंजनों पर आधारित वाहनों के अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों में भी नए उत्पादों को पेश करेगी। इसमें साणंद कारखाने की पूरी क्षमता का इस्तेमाल किया जाएगा।


#### महिंद्रा भी ईवी वाहनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा

महिंद्रा एंड महिंद्रा भी इलेक्ट्रिक वाहन खंड पर अपना ध्यान बनाए रखने की तैयारी में है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वाहन एवं कृषि खंड) राजेश जेजुरीकर ने कहा कि कंपनी अपने बॉर्न इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो को भारतीय बाजार में पुरजोर ढंग से लाने की योजना में लगी है।

# म्यूचुअल फंड उद्योग पटरी पर लौटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए इस साल जोरदार वापसी की है और इसके परिसंपत्ति आधार में नौ लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि एक उत्साही शेयर बाजार, स्थिर ब्याज दरों और मजबूत आर्थिक विस्तार से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक गति अगले वर्ष भी जारी रहनी चाहिए।




- संपति आधार नौ लाख करोड़ रुपए बढ़ा
- पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरा

म्यूचुअल फंड निकाय एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, पर्याप्त वृद्धि के साथ इस वर्ष कुल निवेश 3.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, साथ ही निवेशकों की संख्या में दो करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है। इसे व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) की बढ़ती लोकप्रियता से समर्थन मिला, जिसमें 1.66 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि इस प्रवाह ने 2023 में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्ति (एयूएम) को 23 प्रतिशत यानी नौ लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।

#### 2024 में भी सकारात्मक रुझान रहेगा

उद्योग के एयूएम में लगातार 11वीं वार्षिक वृद्धि हुई है। इस साल वृद्धि को इक्विटी योजनाओं में प्रवाह, खासकर एसआईपी के माध्यम से समर्थन मिला है। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए बालसुब्रमण्यन ने कहा कि सकारात्मक रुझान 2024 में भी जारी रहेगा।



## स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के विजेता को हार्दिक बधाई

**नई दिल्ली।** डॉ. पंकज अग्रवाल के मार्गदर्शन में हमारे छात्र ओम मिश्रा, तरूण राघव, भारत भूषण, लक्ष्मण सिंह, महक, यश वर्धन (बी.टेक सीएसई द्वितीय वर्ष) को विजेता घोषित किया गया स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 19-20 दिसंबर 2023 को मणिपाल विवि, जयपुर में आयोजित किया गया जयपुर में 29 टीमों ने भाग लिया विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि के रूप में 100000 का चेक दिया गया समस्या कथन है सरकारी संगठन के लिए ऑनलाइन ब्लॉकचेन आधारित प्रमाणपत्र निर्माण और सत्यापन प्रणाली प्रमाणपत्र जारी करने और सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को छात्रों ने क्रांतिकारी ब्लॉकचेन-आधारित प्रणाली मर्टसिक्योर डिजाइन व विकसित की उनका प्राथमिक लक्ष्य पारंपरिक प्रमाणपत्र प्रणालियों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना है।

## 421 परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली। नवंबर में 150 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 421 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

**जॉब**

☛ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### 150 बिलियन डॉलर की डील नहीं बढ़ी आगे और रद

# इंफोसिस को झटका, विदेशी ग्राहक ने तोड़ी 12500 करोड़ की डील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस (इंफोसिस) को बड़ा झटका लगा है। इंफोसिस ने एक विदेशी कंपनी के साथ ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस को लेकर 150 बिलियन डॉलर (12,475 करोड़ रुपए) की डील की थी जो अब रद्द हो गई है। इसे लेकर दोनों कंपनियों के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए थे, लेकिन अंत में होने वाला मास्टर एग्रीमेंट अब नहीं होने जा रहा है।

इंफोसिस ने डील रद्द होने की जानकारी तो दी है लेकिन जिस कंपनी ने डील कैंसिल की है, उसका नाम नहीं बताया है। इंफोसिस ने 150 बिलियन डॉलर की इस डील के लिए सितंबर 2023 में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन हुआ था। एमओयू 15 साल के लिए था। इसके तहत इंफोसिस को अपने प्लेटफॉर्म के जरिए वैश्विक कंपनी को डिजिटल एक्सपीरिएंसेज और एआई सॉल्यूशंस मुहैया कराना था।




#### सितंबर में हुई थी कई डील

सितंबर तिमाही में इंफोसिस को 770 बिलियन डॉलर की डील मिली थी। 150 बिलियन डॉलर की डील अब रद्द हो चुकी है। अब बाकी बड़ी डील की बात करें तो इंफोसिस को एक मौजूदा ग्राहक से 200 बिलियन डॉलर का कांट्रैक्ट मिला था। इसके तहत कंपनी को 5 साल तक एआई और ऑटोमेशन आधारित डेवलपमेंट और मेंटेमेंटेनेंस सर्विसेज मुहैया कराना है। लिबर्टी ग्लोबल के साथ भी इंफोसिस ने पांच साल के लिए एक 150 बिलियन डॉलर की डील साइन की थी।

#### कंपनी को कुल 770 बिलियन डॉलर के ऑर्डर मिले थे

इंफोसिस के लिए कांट्रैक्ट वैल्यू के हिसाब से सितंबर तिमाही अब तक की सबसे दमदार तिमाही रही थी। इस तिमाही में कंपनी को कुल 770 बिलियन डॉलर के ऑर्डर मिले थे। जिसमें से 150 बिलियन डॉलर की तो इसी एक वैश्विक कंपनी के साथ डील की थी।

#### 15 दिन में दूसरा झटका

इंफोसिस को पंद्रह दिन में दूसरा झटका लगा है. दो सप्ताह पहले ही इंफोसिस के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) नीलांजन रॉय ने अचानक से इस्तीफा दे दिया था। वह 6 साल से इस पद पर बने हुए थे। आईटी सेक्टर के जानकारों का मानना है कि डील इंफोसिस की डील रद्द होना बताती है कि भारतीय आईटी बिजनेस लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## केनरा बैंक में ग्राहक बैठक आयोजित

*नई दिल्ली। केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरी दिल्ली ने क्षेत्रीय प्रमुख के नेतृत्व में दिनांक 15.12.2023 को दोपहर 3.00 बजे अपने परिसर के सम्मेलन कक्ष में अपनी 54 शाखाओं के ग्राहक सेवा समिति के अंतर्गत ग्राहक बैठक का आयोजन किया । क्षेत्रीय प्रमुख, सजल समीर एवं मंडल प्रबंधक, श्री विजय प्रताप सिंह ग्राहक सेवा समिति बैठक के अध्यक्ष रहे । उत्तरी दिल्ली क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं से ग्राहकों को आमंत्रित किया गया था जिसमें उन्होंने काफी उत्साह के साथ भाग लिया । ग्राहक सेवा समिति बैठक के दौरान ग्राहकों ने क्षेत्रीय प्रमुख एवं मडल प्रबंधक से विषयों पर चर्चा की । सभी ग्राहकों ने क्षेत्रीय प्रमुख के सामने अपने सुझाव दिये जिसमें क्षेत्रीय प्रमुख श्री सजल समीर ने बैठक में स्थित सभी ग्राहकों को सर्वोत्तम बैंक सेवाओं को प्रदान करने का आश्वासन दिया ।*

## जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नोएडा में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

*नोएडा। जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेआईआईटी), नोएडा में सिग्नल प्रोसेसिंग और कम्युनिकेशन पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर अभय करंदीकर ने किया। तीन दिवसीय हाइब्रिड सम्मेलन में संचार, सिग्नल प्रोसेसिंग, वीएलएसआई एवं एम्बेडेड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग एवं मशीन लर्निंग पर कुल २* ट्रैक (९७ ऑनलाइन /०६ ऑफ़लाइन) शामिल होंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य इन क्षेत्रों में कुशल इंजीनियरों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना है। सम्मेलन की कार्यवाही आईईईई एक्सप्लोर द्वारा प्रकाशित की जाएगी। उद्घाटन के दौरान, प्रो. करंदीकर ने इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया और संचार, सिग्नल प्रोसेसिंग, वीएलएसआई एवं एम्बेडेड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग एवं मशीन लर्निंग से संबंधित उभरते क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए जेआईआईटी के समर्पण की सराहना की। उन्होंने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों पर जोर दिया, जिसके माध्यम से जेआईआईटी के अध्यापक और छात्र दीर्घकालिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सम्मेलन के दौरान छात्रों द्वारा प्रदर्शित परियोजनाओं की भी सराहना की जेआईआईटी, नोएडा के प्रो-चांसलर प्रो. एस. सी. सक्सेना ने शिखर सम्मेलन को संबोधित किया और आईसीएससी* के एवं संस्करण के आयोजन के लिए जेआईआईटी, नोएडा के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग को बधाई दी।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5374



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5373 का हल



## सूडोकु नवताल - 5384

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |




भारत की कुल 40 टेस्ट मैचों में सातवीं जीत

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, 28 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया, 8 विकेट से जीता टेस्ट मैच



सात विकेट लेकर स्नेह बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ। मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है।

भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है। टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही।

### 75 रन का मिला लक्ष्य

मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी।



### राणा के चार शिकार

*चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया। पूजा वस्त्राकर (एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा। राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया।*

### स्नेह ने किया आलराउंड प्रदर्शन

*भारत की अनुभवी खिलाड़ी स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्नेह ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में पहली पारी में नौ रन बनाए। इस दौरान 57 गेदों का सामना किया और स्मृति मंधाना का बखूबी साथ दिया। उन्होंने स्मृति के साथ पहली पारी में दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की थी।*



### दोनों टीमों के बीच रिकॉर्ड

| साल | नतीजा | जगह |
|---|---|---|
| 1977 | ऑस्ट्रेलिया जीता | पर्थ |
| 1984 | ड्रॉ | दिल्ली |
| 1984 | ड्रॉ | लखनऊ |
| 1984 | ड्रॉ | अहमदाबाद |
| 1984 | ड्रॉ | मुंबई |
| 1991 | ड्रॉ | नॉर्थ सिडनी |
| 1991 | ऑस्ट्रेलिया जीता | एडिलेड |
| 1991 | ऑस्ट्रेलिया जीता | मेलबर्न |
| 2006 | ऑस्ट्रेलिया जीता | एडिलेड |
| 2021 | ड्रॉ | कैरारा |
| 2023 | भारत जीता | मुंबई |

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 खेलेंगे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने कथित तौर पर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को आश्वासन दिया है कि उन्हें आगामी मुकाबलों से मनमाने ढंग से बाहर नहीं किया जाएगा। इन दोनों सीनियर क्रिकेटरों ने मीडिया में आई खबरों में चिंता व्यक्त की थी कि चयन पैनल अगले महीने न्यूजीलैंड में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए उन्हें आराम देने की योजना बना रहा है। बाबर और रिजवान फिलहाल तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं।

### कुरेन पर जारी रहेगा चार मैचों का बैन



**सिडनी।** इंग्लैंड के आल राउंडर टॉम कुरेन की हाल में बिग बैश लीग मैच के दौरान अंपायर के साथ गलत व्यवहार करने के लिए लगे चार मैचों के प्रतिबंध को बदलने की अपील खारिज कर दी गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कुरेन पर आचार संहिता के 2.17 अनुच्छेद के अंतर्गत तीसरे लेवल के उल्लघंन के लिए यह प्रतिबंध लगाया था। इस खिलाड़ी ने 11 दिसंबर को होबार्ट हरिकेन्स के खिलाफ मैच से पहले सिडनी सिक्सर्स टीम के अभ्यास के दौरान अंपायर से बदतमीजी की थी।

### रेबेका रैफरी बनने वाली पहली महिला



**लंदन।** रेबेका वेल्च शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनीं। रेबेका फुलहम के खिलाफ बर्नले की 2-0 की जीत के दौरान रैफरी की भूमिका निभा रहीं थी। बर्नले के मैनेजर विन्सेंट कोंपानी ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया।

# कोहली और रोहित ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना, कल से अफ्रीका टेस्ट

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

विश्व कप के निराशाजनक फाइनल को एक महीना बीत चुका है। इसकी टीस अब तक कायम है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रविवार को यहां टेस्ट श्रृंखला के अभ्यास के दौरान बिना बातचीत किए जमकर पसीना बहाया। क्योंकि वे जानते हैं कि आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है और अपने कॅरियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है।

- विश्व कप के निराशाजनक फाइनल हार की टीस अब तक कायम

कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग-अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच-बीच में छोटे ब्रेक भी लिए। यह सब विश्व कप के दौरान अभ्यास सत्र से काफी अलग था क्योंकि तब ध्यान अपने अभ्यास और हंसी मजाक पर भी लगा होता था।



### रोहित ने किया अश्विन का सामना

रोहित और जायसवाल सबसे पहले नेट पर पहुंचे, उन्होंने बारी बारी जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर की गेंदों का सामना किया। रोहित ने अश्विन की गेंद को स्वीप कर दिखाया कि जहां तक सलामी बल्लेबाजी का संबंध है तो उनमें कुछ नहीं बदला है। इसी दौरान कोहली भी आ गए और उन्होंने कोच द्रविड़ से थोड़ी बातचीत की जो रोहित को बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे।

### कोच की तरह संजीदा दिखी टीम

अगले दो हफ्ते तक काफी कुछ दाव पर लगा होगा जिससे टीम अपने मुख्य कोच की तरह संजीदा दिखी जो विश्व कप के दौरान माहौल से बिलकुल अलग था। कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और संभवतः गेराल्ड कोएत्जे के चार तेज गेंदबाजों के आक्रमण के खिलाफ भारत के बल्लेबाजी गहराई को कम करने की संभावना नहीं है जिससे यहां के तेज गेंदबाजों के मुफीद हालात में शार्दुल ठाकुर फिर से अश्विन को पछाड़ सकते हैं। पहले दिन बारिश का पूर्वानुमान है। मुकेश कुमार ने भी नेट पर अच्छी गेंदबाजी की, हालांकि उनकी रफ्तार प्रसिद्ध कृष्णा से थोड़ी कम है। प्रसिद्ध की गेंदों से हालांकि ज्यादातर बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई।

### खिलाड़ियों पर द्रविड़ की नजरें



कोच राहुल द्रविड़ की नजरें मध्य नेट पर गड़ी थीं जहां केएल राहुल पैड लगाए मौजूद थे। कोना भरत ने पहले घंटे में विकेटकीपिंग ग्लव्ज नहीं पहने जिससे कोई शक नहीं रह गया कि विकेटकीपिंग कौन करेगा। स्लिप में खिलाड़ियों के साथ जब राहुल ने विकेटकीपिंग तो यह साफ हो गया और उनके साथ युवा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल मौजूद थे। सुपरस्पोर्ट पार्क में सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया।

## सहरावत और सौरभ ने जीते एयर पिस्टल ट्रायल

**नई दिल्ली।** हरियाणा के करण सहरावत और कर्नाटक की दिव्या टीएस ने रविवार को यहां पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल (टी2) में जीत दर्ज की जिसके साथ राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के नए सत्र के शुरुआती दो चयन ट्रायल संपन्न हुए। ओलंपियन सौरभ चौधरी पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। सीनियर ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने भी 586 अंक जुटाए लेकिन अंदरुनी 10 अंक के करीब कम शॉट मारने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के तीन निशानेबाजों आदित्य मार्ला, सहरावत और स्पर्धा के उप विजेता रहे शिव नरवाल ने अंतिम तीन क्वालीफाइंग स्थान हासिल किए। सहरावत ने हालांकि 24 निशाने के फाइनल में 243.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शिव 242.6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



5-0 के समान स्कोर से आगे बढ़ीं मुक्केबाज

## जैसमीन, अरुंधती की राष्ट्रीय मुक्केबाजी में शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन (60 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अरुंधती चौधरी (66 किग्रा) ने रविवार को यहां 5-0 के समान स्कोर से जीत हासिल कर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

जैसमीन ने राउंड 16 मुकाबले में मणिपुर की थोंगाम कुंजारानी देवी पर 5-0 की जीत से अंतिम आठ में जगह बनायी जिसमें उनकी भिड़ंत महाराष्ट्र की पूनम कैथवास से होगी। अरुंधती का सामना क्वार्टरफाइनल में पंजाब की कमलप्रीत कौर से होगा। अरुंधती ने राउंड 16 में अमिता को 5-0 से पराजित किया। अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में साक्षी (57 किग्रा) ने दिल्ली की ज्योति पर रैफरी द्वारा मैच रोके जाने से राउंड 16 में प्रवेश किया जिसमें वह तेलंगाना की रेफा मोहिद के सामने होंगी। हरियाणा की स्वीटी बूरा (81 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की साई देवखर के सामने होंगी।



## चिराग और अनमोल ने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप जीती

**गुवाहाटी।** चिराग सेन ने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में रविवार को यहां पुरुष एकल जबकि अनमोल खरब ने महिला एकल का खिताब जीता। सेमी फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त किरण जॉर्ज को हराने वाले 25 वर्षीय चिराग को फाइनल में थारुन एम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह इस मुकाबले को 21-14, 13-21, 21-9 से जीतने में सफल रहे। महिला एकल के फाइनल में अनमोल का सामना तन्वी शर्मा से था। तन्वी ने पहला गेम अपने नाम किया लेकिन अनमोल ने दूसरा गेम जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। तन्वी ने तीसरे गेम के बीच में चोट के कारण हट गई। उस समय अनमोल 15-21 21-17 16-8 से आगे चल रही थी। महिला युगल में प्रिया देवी कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त रितिका ठाकर और सिमरन सिंघी को 11-21, 21-14, 21-18 से हराकर खिताब जीता।

### अभ्यास सत्र...



**सेंचुरियन।** रविवार को सेंचुरियन, दक्षिण अफ्रीका में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी।

लगातार दूसरे साल आर्सेनल ने क्रिसमस पर बनाई बढ़त

# आर्सेनल और लिवरपूल का ईपीएल मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने शनिवार को यहां एनफील्ड में लिवरपूल से 1-1 से ड्रॉ खेलकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल क्रिसमस पर बढ़त बनाई। मैनेजर माइकल आर्टेटा को उम्मीद है कि इस बार उनकी टीम पिछले सत्र की तरह गलती नहीं करेगी और अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब जीतेगी।

पिछले सत्र में भी आर्सेनल की टीम 248 दिन तक शीर्ष पर थी लेकिन अप्रैल में लिवरपूल से 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद टीम लगातार खराब प्रदर्शन करते हुए खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। आर्सेनल के 18 मैच में 40 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद लिवरपूल से एक अंक आगे है। एस्टन विला के भी 39 अंक हैं लेकिन लिवरपूल से खराब गोल अंतर के कारण वह तीसरे स्थान पर है। गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को खुशी होगी कि इस सप्ताहांत उसके शीर्ष तीन प्रतिद्वंद्वी जीत दर्ज करने में नाकाम रहे। एस्टन विला ने शुक्रवार को शेफील्ड यूनाईटेड से 1-1 से ड्रॉ खेला था।



### 5वें स्थान पर सिटी

*शुक्रवार को सऊदी अरब में क्लब विश्व कप जीतने वाला मैनचेस्टर सिटी ईपीएल में टोटेनहैम की एवर्टन पर 2-1 की जीत के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया है। शीर्ष पांच टीम के बीच सिर्फ छह अंक का अंतर है जबकि मैचेस्टर सिटी ने एक मैच कम खेला है।*

### 2-0 से जीता वेस्टहैम

मैनचेस्टर यूनाईटेड को वेस्टहैम के खिलाफ 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी जो मौजूदा सत्र में ईपीएल में उसकी आठवीं और सभी प्रतियोगिताओं में 13वीं हार है। यह यूनाईटेड का 1930 के बाद सबसे खराब प्रदर्शन है। टीम ने 1930 में क्रिसमस से पहले सभी प्रतियोगिताओं में 16 मुकाबले गंवाए थे।

# एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में सेविला को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

एटलेटिको मैड्रिड ने शनिवार को यहां दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए सेविला को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में 1-0 से हराया और शीतकालीन ब्रेक से पहले जीत दर्ज की। यह मुकाबला स्पेन की राजधानी में शुरुआत में सितंबर में होना था लेकिन खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण इसे स्थगित किया गया।

मैच का एकमात्र गोल मार्कोस लोरेंटे ने दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में दागा। वह मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे थे। केगलार सोयुन्सु को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद अंतिम 20 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद एटलेटिको ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। एटलेटिको की टीम 18 मैच में 38 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। रीयाल मैड्रिड और गिरोना के समान 45 अंक हैं। रियल मैड्रिड की टीम हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष है।



## खबर संक्षेप

### ट्रूडो की शह पर संगठित अपराधों का गढ़ कनाडा



**टोरंटो।** कनाडा में लिबरल विचारधारा की सरकार है। इस विचारधारा ने कनाडा को बर्बाद करने की कसम खा ली है। पीएम ट्रूडो के कार्यकाल में कनाडा ने अशांति की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सीआईएससी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, कनाडा में कम से कम 3,000 गिरोह काम कर रहे हैं।

### दो मुस्लिम दोस्त देश आमने-सामने



**तेहरान।** दुनिया के दो ताकतवर मुस्लिम देश ईरान और रूस में बड़ा विवाद पैदा हो गया है। इन दो मुस्लिम देशों की दोस्ती से अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश भी घबराते हैं। इन दोनों देशों की दोस्ती में दरार आने की वजह फारस की खाड़ी है। फारस की खाड़ी के विवाद के चलते ईरान ने अपने दोस्त देश के दूत को तलब कर लिया है।

### डोमिनिकन के राजदूत का निधन, जताया शोक



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पूर्व राजदूत हांस डैनेनबर्ग के निधन के बारे में जानकर दुखी हूं। वह भारत के एक असाधारण मित्र थे। डिप्लोमेटिक कोर्प्स के डीन के तौर पर उनके कार्यकाल को याद रखा जाएगा। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है। 2006 से लेकर 2021 तक वह भारत में राजदूत रहे।

### ताइवान सीमा में घुसे 8 चीनी फाइटर जेट्स



**ताइपे।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन के विमानों ने उनके हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। चीन के करीब 8 फाइटर जेट्स ताइवान की सीमा में घुस गए हैं। चीन के विमानों के साथ ही चीनी गुब्बारा भी ताइवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बता दें कि चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है।

# नौसेना के बेड़े को कल मिलेगा गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इंफाल'

### मुंबई का नौसेना डॉकयार्ड पूरी तरह से तैयार, राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय नौसेना मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में अपने नवीनतम स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इंफाल' को शामिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 26 दिसंबर को इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसे भारतीय नौसेना का इन-हाउस संगठन युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित गया है और मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित किया गया है। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

**खास बातें**

- भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने किया डिजाइन
- इंफाल का नाम उत्तर-पूर्वी शहर के नाम पर रखा गया
- 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी मिली थी

*नौसेना के बेड़े में इंफाल एक अत्याधुनिक अतिरिक्त युद्धपोत है, जिसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन और एमडीएल द्वारा निर्मित किया गया।*



### नौसेना के बेड़े में अत्याधुनिक युद्धपोत

*नौसेना के बेड़े में इंफाल एक अत्याधुनिक अतिरिक्त युद्धपोत है, जिसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और एमडीएल द्वारा निर्मित किया गया है, जिसमें एमएसएमई और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) सहित सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है।*

### बंदरगाह और समुद्र में किया गया परीक्षण

इंफाल पहला ऐसा युद्धपोत है, जिसका नाम उत्तर-पूर्वी शहर के नाम पर रखा गया है। इसे 16 अप्रैल 2019 को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी और राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और समृद्धि के लिए इसके महत्व प्रकाश डाला था। 'इंफाल' का बंदरगाह और समुद्र में परीक्षण किया गया था, जिसके बाद इसे बीस अक्तूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इसके बाद, नवंबर 2023 में इस पर लंबी दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था।

### स्वदेशी नौवहन प्रणाली विकसित की

*नई दिल्ली। भारत ने अपनी एक स्वदेशी नौवहन प्रणाली विकसित की है, जिसे नाविक कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित यह स्वायत्त, क्षेत्रीय, उपग्रह आधारित नौवहन प्रणाली है। आधुनिक युग में नौवहन प्रणाली का हमारे जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह प्रणाली हमें अपनी स्थिति और दिशा का पता लगाने में मदद करती है। नेविगेशन प्रणाली का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जैसे- वाहनों का नौवहन, सैन्य संचालन, खोज और बचाव, आपदा प्रबंधन, कृषि, निर्माण आदि में। दुनिया भर में चार प्रमुख वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणालियां (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) हैं। पहला जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम), जो संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा विकसित है। यह दुनिया का सबसे पुराना और सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला जीएनएसएस है।*

### उद्यमियों के सवाल के एक जबाव में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# दोहरी नागरिकता देने में कई आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां...बहस बरकरार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

*विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बताया कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने में कई प्रकार की आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस पर अभी भी बहस जारी है।*

भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा चेन्नई में आयोजित टेकप्राइड 2023 सम्मेलन में उद्यमियों से बातचीत के दौरान दोहरी नागरिकता के सवाल के एक जबाव में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बताया कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने में कई प्रकार की आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियां हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस पर अभी भी बहस जारी है। ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) अभियान इसी मांग को पूरा करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।

**खास बातें**

- चेन्नई में आयोजित टेकप्राइड 2023 सम्मेलन
- ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया अभियान चलाया जा रहा

**दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनो देशों में काम करने की अनुमति भी**

**कानूनी अधिकारों को प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान**

**कुछ देशों में दोहरे नागरिक के रूप में कुछ प्रतिबंध भी**



### भारत में दोहरी नागरिकता

*भारतीय संविधान भारतीय नागरिकों को एक साथ दूसरे देश की नागरिकता रखने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, भारत सरकार ने भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के लिए ओसीआई कार्यक्रम चलाती है, जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के अलावा अन्य देशों में चले रह रहें हैं। एक ओसीआई कार्डधारक भारत में बहुउद्देश्यीय और बहु-प्रवेश का लाभ उठा सकता है। उन्हें भारत आने के लिए आजीवन वीजा सुविधा भी प्रदान है,और कुछ शर्तों को पूरा करने पर भारतीय नागरिक बनने का विशिष्ट अधिकार भी प्राप्त है। हालाँकि, ओसीआई कार्डधारकों को भारत में मतदान का अधिकार नहीं है और न ही उन्हें देश में किसी विधायी या संवैधानिक पद के लिए चुनाव लड़ने का अधिकार है।*

### निखिल गुप्ता का यूएस प्रत्यर्पण नहीं रोक सकते...




**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। निखिल गुप्ता के कानूनी सलाहकार पेट्र स्लेपिका ने बताया कि निखिल गुप्ता वो शख्स नहीं है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब पैसे का आदान-प्रदान हुआ था तब निखिल अमेरिका में नहीं थे। इतना ही नहीं, पेट्र स्लेपिका ने कहा कि निखिल गुप्ता को निश्चित रूप से अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। क्योंकि दोनों देशों के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। भारत और अमेरिका संधि पार्टनर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इस मामले में भारतीय मिशन ज्यादा मदद नहीं कर रहा है। वे इसके लिए आगे भी नहीं आ रहे हैं। साथ ही कहा कि सिर्फ एक अमेरिकी एजेंट का बयान ही उपलब्ध है। पेट्र स्लेपिका ने कहा कि निखिल गुप्ता को अमेरिका में प्रत्यर्पित नहीं किए जाने का कोई रास्ता नहीं है। प्रत्यर्पण रोकने के लिए इस मामले में सिर्फ राजनीतिक हस्तक्षेप ही हो सकता है। साथ ही कहा कि परिवार मेरे माध्यम से निखिल गुप्ता के संपर्क में है।

### क्या है दोहरी या एकाधिक नागरिकता ?

दोहरी या एकाधिक नागरिकता एक ही समय में दो या दो से अधिक राष्ट्रीयताओं वाले व्यक्ति को कानूनी दर्जा प्रदान करती है। दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनों देशों के राजनीतिक कार्यों में भाग लेने और यात्रा करने के लिए वीजा से छूट प्रदान करती है। दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति को दोनो देशों में काम करने की अनुमति भी होती है। उन्हें दोनों देशों के पासपोर्ट भी रखने की तथा अन्य नागरिकों के समान सामाजिक और कानूनी अधिकारों को प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। कुछ देशों में दोहरे नागरिक को लेकर प्रतिबंध भी हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, फ़िनलैंड, अल्बानिया, इज़राइल और पाकिस्तान जैसे देश दोहरी नागरिकता प्रदान करते हैं।

### 50 साल के लिए लीज पर हुई डील

# अपनी आर्थिक तंगी दूर करने पाक चीन को बेचेगा गिलगित-बाल्टिस्तान



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने गिलगित-बाल्टिस्तान को 50 साल के लिए सौंपने के लिए चीन के साथ एक नई डील की योजना बनाई है। इसका कारण देश की खराब आर्थिक स्थिति और अमेरिका के साथ तनाव है। हालांकि, पाकिस्तान की मौजूदा कार्यवाहक सरकार के कार्यवाहक संघीय सूचना, प्रसारण और संसदीय मामलों के मंत्री मुर्तजा ने इस समझौते से इनकार किया है। लेकिन, दूसरी ओर, उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान प्रांत और चीनी प्रांत गांसु ने 9 दिसंबर 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी कर लिए हैं। इस समझौता ज्ञापन में स्थानीय किसानों को विभिन्न फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने के लिए उच्च-पर्वतीय कृषि टेक्नोलॉजी और मशीनरी को पहाड़ी क्षेत्र में ट्रांसफर करने के लिए कहा गया है।

#### पीओके का हिस्सा कैसे सौंप सकता?

गिलगित-बाल्टिस्तान आधिकारिक तौर पर पाक का हिस्सा नहीं है, बल्कि, ये विवादित कश्मीर के उस हिस्से का हिस्सा है, जिस पर पाक ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। यह क्षेत्र पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला एकमात्र जमीनी लिंक है और 65 अरब अमेरिकी डॉलर के चीन-पाक आर्थिक गलियारे बुनियादी ढांचे के विकास योजना के केंद्र में है। सीपीईसी की शुरुआत 2013 में हुई थी, जिसमें अब तक 62 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च हो चुके हैं। लेकिन अब कर्ज में डूबा पाकिस्तान, पुराने कर्ज को चुकाने के लिए नये कर्ज की तलाश कर रहा है। लिहाजा, चीन, कर्ज के बदले पाकिस्तान की जमीन पर कब्जा करने जा रहा है।




### मनाली से अटल टनल के बीच लगा 5 किमी लंबा जाम



मनाली। क्रिसमस और न्यू ईयर के सेलिब्रेशन के लिए लोग ट्रिप पर निकल रहे हैं। भारत के फेमस टूरिस्ट स्पॉट्स में से एक, मनाली की ओर जाने वाले रास्ते में भारी जाम देखने को मिला। मनाली से अटल टनल तक वाहनों की लंबी कतार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, कुल्लू और मनाली में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। जिससे बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है। शनिवार को अटल टनल के पास के इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने एहतियात के तौर पर वाहनों की आवाजाही रोक दी। इससे मनाली से अटल टनल तक 5 किमी लंबा जाम लग गया। हिमाचल प्रदेश का मनाली लोगों के पसंदीदा पर्यटन स्थल में से है। हर साल, खासकर सर्दियों के मौसम के दौरान बर्फबारी का आनंद लेने और अपनी लंबी छुट्टियां बिताने के लिए देश-विदेश भर से लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं।

### चीनी स्वामित्व वाली इंडोनेशियाई भट्टी में हुआ भयंकर विस्फोट

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में चीन के स्वामित्व वाली एक भट्टी में भीषण विस्फोट हो जाने से 13 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र में रविवार को एक धातु गलाने वाली भट्टी में हुआ। भीषण विस्फोट के बाद कम से कम 13 कर्मचारियों की इस दौरान मौत हो गयी। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस और कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।




### देशभर के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की पड़ रही सर्दी

# जम्मू के गुलमर्ग में तापमान माइनस 1.5 डिग्री, हिमाचल में बर्फबारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में न्यूनतम तापमान 6 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। अगले दो-तीन दिन तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। कई राज्यों में घने कोहरे से विजिबिलिटी कम हो गई है। तमिलनाडु के नीलगिरी में तापमान 0 सेल्सियस पहुंच गया। इससे सड़कों पर बर्फ जम गई। मौसम विभाग ने तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में अगले 5 दिन तक हल्की बारिश की आशंका जताई है।



#### उप्र में शीतलहर बढ़ाएगी ठिठुरन, कई ट्रेनें लेट

*उत्तर प्रदेश के कई शहर भीषण ठंड और कोहरे की चपेट में है। रविवार (24 दिसंबर) की सुबह लखनऊ, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी और प्रयागराज में घना कोहरा छाया रहा। वाराणसी में विजिबिलिटी घटकर 200 मीटर पहुंच गई, जबकि आगरा-दिल्ली हाईवे पर विजिबिलिटी 20 मीटर तक पहुंच गई। घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें तय समय से देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने बताया कि यूपी में दो दिन बाद तापमान में गिरावट होगी। इससे कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।*

#### राजस्थान: घने कोहरे से 3 सड़क हादसे हुए

राजस्थान में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दौसा में तीन सड़क हादसे हो गए। इनमें कुल 6 लोग घायल हुए हैं। वहीं, सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 4.2 सेल्सियस रहा। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर तीन सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। घने कोहरे के कारण पहला हादसा सिकंदरा थाना इलाके में डाबर की ढाणी के पास हुआ। जयपुर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, जोधपुर, बीकानेर और सीकर जैसे इलाकों में विजिबिलिटी 200 से 400 मीटर रही।

#### अगले 24 घंटे में ओलावृष्टि की संभावना

आईएमडी के मुताबिक 24 दिसंबर को असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा और मिजोरम में आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका है। पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहेगा। 25 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में घना कोहरा छाया रहेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109